
बजट पेश करने के पूर्व फोटो सेशन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964


बजटः वित्तमंत्री संग राष्ट्रपति की बैठक

वर्ष-60 › अंक -40 रायपुर शुक्रवार 02 फरवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


वित्त मंत्री सीतारमण ने गुरुवार को साल 2024 का अपना अंतरिम बजट पेश किया। लगातार छठी बजट और दूसरी बार अंतरिम बजट पेश करने वाली सीतारमण संसदीय इतिहास में मोरारजी देसाई के बाद दूसरी ऐसी वित्त मंत्री बन गईं, जिन्होंने एक बार से ज्यादा अंतरिम बजट पेश किया। बजट पेश किए जाने के मौके पर ज्यादातर रेड कलर फैमिली की साड़ी में दिखने वाली सीतारमण ने इस बार अपना कलर कोड तोड़ते हुए ब्लू कलर को चुना। **अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के चलते सरकार इस बार सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया है. मई में नई सरकार के गठन के बाद जुलाई में सरकार पूर्णकालिक बजट पेश करेगी.**

# अंतरिम बजट में विकसित भारत की संकल्पना

## बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी : पीएम मोदी

## हम सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े : वित्तमंत्री

## 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला, इन्फ्रास्ट्रक्चर बनेगा मजबूत

**शिक्षा और रोजगार बजट 2024 : मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए कमेटी बनेगी, आंत्रप्रेन्योर्स के लिए 1 लाख करोड़ का कॉर्पस बनेगा**

**वंदेभारत स्तर के बनाए जाएंगे 40 हजार रेल डिब्बे: ज्यादा भीड़ वाले रेल मार्गों के लिए अलग कॉरिडोर, 11% बढ़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बजट**

**2 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे: आशा वर्कर को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा; 3 करोड़ महिला बनेंगी लखपति दीदी**

**इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं : 3 लाख तक की इनकम ही रहेगी टैक्स फ्री, लेकिन 87ए के तहत 7.5 लाख रुपए तक टैक्स छूट**

नईदिल्ली,एजेंसी।

**इनकम टैक्स कलेक्शन तीन गुना बढ़ा**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, 10 साल में इनकम टैक्स कलेक्शन तीन गुना बढ़ गया है। मैंने टैक्स रेट में कटौती की है। 7 लाख की आय वालों को कोई कर देय नहीं है। 2025-2026 तक घाटा को और कम करेंगे। राजकोषीय घाटा 5.1% रहने का अनुमान है। 44.90 लाख करोड़ रुपए का खर्च है और 30 लाख करोड़ का रेवेन्यू आने का अनुमान है।

**बीते 10 साल में दोगुना FDI आया**

सीतारमण ने कहा कि FDI यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) आया। यह 2005-2014 के दौरान आए FDI से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर्स से बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी कर रहे हैं।

- स्किल इंडिया मिशन में 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया गया। 3000 नई आईटीआई बनाई गईं। हम सबका साथ, सबका विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा काम में सेक्युरलिज्म रखने और गरीब को एम्पॉवर्ड करने पर जोर है।

- हमारी सरकार का उद्देश्य सामाजिक न्याय कायम करना है। सरकार सर्वांगीण और सर्वसमावेशी विकास के लिए काम कर रही है।

- पीएम मुद्रा योजना के तहत 22.5 लाख करोड़ मूल्य के 43 करोड़ लोन मंजूर किए गए। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता दी गई।

- सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। गरीब कल्याण योजना में ? 34 लाख करोड़ खातों में भेजे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिम बजट पर कहा कि, हमें एक बड़ा लक्ष्य तय करना है. उसे प्राप्त करते हैं और फिर उससे भी बड़ा लक्ष्य अपने लिए तय करते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि गरीबों के लिए हमने गांवों और शहरों में चार करोड़ से अधिक घर बनाए. अब हमने दो करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है. हमने दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था. अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य कर दिया गया है.

**"निर्मला ने कहा, देश की जनता भविष्य की तरफ देख रहे हैं। वे आशान्वित हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब बहुत ज्यादा चुनौतियां थीं। जनता के हित में काम शुरू किए हैं। जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। देश में नया उद्देश्य और उम्मीद जगी है। जनता ने हमें दूसरी बार सरकार में चुना। हमने व्यापक विकास की बात की। सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े।**



### राष्ट्रपति ने सीतारमण का मुंह मीठा कराया



बजट को मंजूरी दिलाने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कैबिनेट मीटिंग से पहले राष्ट्रपति भवन पहुंची थीं। वहां बजट को मंजूरी देने के बाद राष्ट्रपति ने निर्मला सीतारमण का मुंह मीठा कराया।

### हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया

हम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया है।'वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, 'हर घर जल, सभी के बिजली, गैस, वित्तीय सेवाएं और बैंक अकाउंट खोलने के लिए काम किया है7 खाद्यान्न की चिंताओं को दूर किया है।

### इनकम टैक्सः स्लैब में कोई बदलाव नहीं

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87ए के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है। नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह 3 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री है। इसमें 87ए के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपए तक और बाकी 7 लाख तक की कमाई पर छूट ले सकते हैं।

### महिलाः 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट

महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा।
सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

### किसानः फसलों की MSP का दायरा नहीं बढ़ा

फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस (MSP) का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2% ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में 1.25 लाख करोड़ मिले थे।

### शिक्षा-रोजगारः 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

### डिफेंसः पिछले साल के मुकाबले 3.4% की बढ़ोतरी

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल 0.27 लाख करोड़ यानी 3.4% ज्यादा है।
हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8% मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी, ताकि देश हथियारों के लिए आत्मनिर्भर बने।

### इन्फ्रास्ट्रक्चरः मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा।कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी, ताकि नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटे।

## बजट चार स्तंभों को मज़बूत करेगा

पीएम मोदी ने कहा कि आज का यह बजट अंतरिम बजट तो है ही, लेकिन यह समावेशी और इनोवेटिव भी है. यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा. पीएम मोदी ने आज पेश हुए बजट को देश के भविष्य निर्माण का बजट बताया।

पीएम मोदी ने कहा कि यह बजट युवा भारत की युवा आकांक्षाओं को प्रतिबिंब करता है. बजट के भीतर दो महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं. उन्होंने कहा कि अनुसंधान और नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के फंड का ऐलान किया गया है.

देश के प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े फैसले लिए गए हैं. NANO DAP का उपयोग, पशुओं के लिए नई योजनाएं, PM मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की इनकम बढ़ेगी और खर्च कम होगा. पीएम ने कहा कि ये बजट गरीबों और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण और उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर जोर देता है.



गरीबों के लिए 2 करोड़ और घर बनाने की घोषणा की गई है.सरकार का लक्ष्य 3 करोड़ 'लखपति दीदी' बनाना है. अब आशा और आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा।

- अगले पांच वर्षों में बनाए जाएंगे दो करोड़ घर
- प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष कर दरों में कोई बदलाव नहीं
- मकान खरीदने या बनाने के लिए अलग योजना
- ई-व्हीकल की चार्जिंग के लिए बड़े पैमाने पर चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इससे वेंडरों को काम मिलेगा।
- किराए के मकानों में रहने वाले मध्यम वर्ग को अपना मकान खरीदने या बनाने में मदद करने की योजना आएगी।

# हेमंत सोरेन ईडी की न्यायिक हिरासत में

एजेंसी।

**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता हेमंत सोरेन को ईडी के विशेष जज दिनेश राय ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. उनकी रिमांड पर फैसला शुक्रवार (2 फरवरी) को सुनाया जाएगा।**

**महाधिवक्ता बोले- प्रिडिकेट ऑफेंस नहीं, ईडी ने कहा- शेड्यूल ऑफेंस**

पीएमएलए कोर्ट में हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए झारखंड के महाधिवक्ता ने कहा कि यह प्रिडिकेट ऑफेंस नहीं है. वहीं, ईडी के वकील ने दलील दी कि आईपीसी की धारा 120बी के तहत कार्रवाई जारी है. इसलिए इन्हें कस्टडी में लेना अनिवार्य है. यह कार्रवाई शेड्यूल ऑफ ऑफेंस में आता है. दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. साथ ही कहा कि रिमांड पर फैसला कल सुनाया जाएगा.

**मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर हेमंत सोरेन ने किया लोगों का अभिवादन**

हेमंत सोरेन को गुरुवार (1 फरवरी) को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया. हेमंत सोरेन ने कोर्ट परिसर में हाथ हिलाकर मुस्कुराते हुए वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया. हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि घोटाला मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था. इसके पहले झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से करीब आठ घंटे तक पूछताछ चली थी. ईडी के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

**डीसी-एसएसपी ने लिया कोर्ट की सुरक्षा का जायजा** - हेमंत सोरेन की पीएमएलए कोर्ट में पेशी से पहले कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी. सिटी एसपी खुद कोर्ट परिसर में मौजूद थे. रांची के एसएसपी और उपायुक्त दोनों ने कोर्ट परिसर में जाकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. उधर, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने ईडी ऑफिस जाकर उनसे मुलाकात की.



**गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने किए कई काम** - गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने कई काम किए. उन्होंने विधायकों के नाम चिट्ठी लिखी. 5 मिनट 17 सेकेंड का एक वीडियो संदेश रिकॉर्ड किया. चंपई सोरेन को गठबंधन के विधायक दल का नेता चुना गया. इसके बाद हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया. इस्तीफा सौंपने के बाद हेमंत सोरेन सीएम आवास पहुंचे. यहां से ईडी की टीम ने उन्हें अपने साथ ले गई.

**कानूनी प्रक्रिया के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को किया गिरफ्तार** - ईडी ऑफिस में कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद हेमंत सोरेन को आधिकारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया. हालांकि, इसके पहले उन्हें बता दिया गया था कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा. हेमंत सोरेन ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी. उन चीजों के लिए उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है, जिससे उनका कोई लेना-देना ही नहीं है. हेमंत सोरेन ने साथ ही कहा कि वह झारखंड के युवाओं, महिलाओं, दलित, पिछड़े, गरीब और आदिवासियों के लिए काम कर रहे थे. गिरफ्तारी के बाद उस काम को अभी वे नहीं कर पाएंगे.

**गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने कही ये बातें** - हेमंत सोरेन ने कहा कि उनको काम करने से रोकने के लिए षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार किया जा रहा है. लेकिन, वे डरने वाले नहीं हैं. वे शिबू सोरेन के बेटे हैं. जब लौटेंगे, तो गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को हक दिलाने के लिए और मजबूती के साथ लड़ाई करेंगे. उनको प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे।

# बजट पर प्रतिक्रिया : भारत की उन्नति, सर्वहितैषी बजट

**देश समृद्धि और खुशहाली की ओर आगे बढ़ेगा : साय**

**भारत की समृद्धि : योगी**

**सरकार की प्रतिबद्धता का संकल्प पत्र : जेपी नड्डा**

एजेंसी।

यह अंतरिम बजट 'नए भारत' की समृद्धि का संकल्प है, 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला है...

**- सीएम योगी यूपी**

संसद में बजट सत्र के आरंभ में माननीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण 'विकसित भारत' निर्माण का पथ प्रशस्त करने के साथ समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को समर्पित हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का दस्तावेज है। **- जे पी नड्डा**

आज का बजट सर्वहितैषी और सर्वस्पर्शी कामों के आधार पर सभी विभागों पर पर्याप्त ध्यान देते हुए, गरीब, महिला, युवा और किसान समेत सभी वर्गों का कल्याण करने वाला है।

मुझे विश्वास है कि उम्मीदों भरा यह बजट भारत की उन्नति एवं प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मैं यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**-सीएम मोहन यादव, एमपी**

जुलाई 2024 में जब केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण बजट प्रस्तुत किया जाएगा, तब विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत होगा।

भारत को विकास की दिशा में अग्रसर करने वाले नवाचारों का परिपालन होने से देश समृद्धि और खुशहाली की ओर आगे बढ़ेगा। **- सीएम साय, छत्तीसगढ़ ।**

मोदी सरकार का यह बजट पर्यटन के क्षेत्र को नई ऊर्जा देने का काम करेगा। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए राज्यों को प्रोत्साहन और लंबे समय तक ब्याजमुक्त लोन दिया जाएगा, जिससे पर्यटन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों में एयर कनेक्टिविटी शुरू कर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने जैसे ऐतिहासिक फैसलों के लिए मोदी जी का आभार।

इस बजट में युवा भारत के युवा आकांक्षाओं का, भारत के young aspirations का प्रतिबिंब है।
बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की प्रतिक्रिया कहा- 'शानदार और दमदार अंतरिम बजट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार।
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी सरकार ने अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद तैयार की है।

## तृतीय पुण्यतिथि : रोशन भैया अमर रहे के नारे से गूंजा रायगढ़

लोकशक्ति। रायगढ़ ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रखर, सक्रिय, कर्मठ कर्मयोगी लोकप्रिय पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि 01 फरवरी 2024 को भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों व रायगढ़ शहर के आम नागरिकों द्वारा अपने - अपने अंदाज में उन्हें याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। रायगढ़ के बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं चौक (स्टेशन चौक) की




साफ - सफाई कर जननेता रोशनलाल अग्रवाल की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। रोशन भैया अमर रहे के नारे से स्टेशन चौक गूंज उठा।

>> शेष पृष्ठ 2 पर

## रामभक्तों के लिए गुड न्यूज , अयोध्या के लिए आठ शहरों से शुरू हुई सीधी उड़ान सेवा

**लखनऊ** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रही है।

## कर्मयोगी, जनसंघर्ष के मिसाल जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर

# स्टेशन चौक में साफ–सफाई कर किया गया माल्यार्पण

### रोशन भैया अमर रहे के नारे से गुंजा शहर

रायगढ़। लोकशक्ति।

**भारतीय जनता पार्टी के प्रखर, सक्रिय, कर्मठ कर्मयोगी लोकप्रिय पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि 01 फ रवरी 2024 को भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों व रायगढ़ शहर के आम नागरिकों द्वारा अपने - अपने अंदाज में उन्हें याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। रायगढ़ के बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं चौक (स्टेशन चौक) की साफ- सफ ाई कर जननेता रोशनलाल अग्रवाल की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। रोशन भैया अमर रहे के नारे से स्टेशन चौक गंज उठा।**





### स्वच्छता अभियान रोशन भैया की थी पहली प्राथमिकता

पूर्व विधायक जननेता रोशनलाल अग्रवाल अपने जीवन काल में स्वच्छता को प्राथमिकता दिया करते थे। उन्होंने कई बार 51 - 51 दिनों तक लगातार शहर के विभिन्न नाली, नाले, पार्क, चौक चौराहों व मोहल्लों में स्वच्छता अभियान अपने समर्थकों व निगम प्रशासन को साथ में लेकर चलाया करते थे। बरसात के दिनों वारिश की पानी से जल भराव न हो, गंदी पानी शहर में किसी भी एक के घर न घुसे, आम जनता को वारिश के दिनों परेशानी न हो इसके लिए वारिश के पूर्व हर नाला व नाली छोटे हो या बडे सभी की सफाई हो इसकी चिंता स्वयं चलकर करते थे। उनका पुण्यस्मरण कर आज भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों द्वारा रोशन भैया के मंशानुकुल कार्य कर श्रद्धांजलि अर्पित किये है।

### रोशनलाल को रायगढ़ याद रखेगा

रोशनलाल को रायगढ़ इसलिए भी याद रखेगा कि वे दूसरों के हित के लिए, किसी कमजोर व्यक्ति की ईमानदार लड़ाई के लिये खुद आगे बढ़कर उस लड़ाई को कामयाबी के अंजाम तक पहुंचाते रहे। ऐसे ही किसी अन्य के एक प्रसंग में, रायगढ़ के चर्चित कलेक्टर अमित कटारिया से विधायक रोशनलाल, उनके चेम्बर में ही भिड़ गये थे। पूरे प्रदेश में इसकी गूँज थी। आगे की कहानी तो पूरा शहर जानता है। कहानी के दीर्घ समापन के बाद कलेक्टर कटारिया और रोशनलाल में खासी मैत्री हो गई थी। क्योंकि दोनों के बीच एक बात कॉमन थी। आचरण और प्रकृति में दोनों 24 कैरेट प्योर गोल्ड थे।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री गुरविन्दर सिंह घई, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रमेश छपारिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम पंकज कंकरवाल, नगर मंडल अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती सुषमा खलको, वरिष्ठ पार्षद सीनू राव, संजय बेरीवाल पल्लु, नितेश सोनी, मनीष सोलंकी, कमल मरार, गुलाब शर्मा, पार्षद नब्बु, फ ारूक खान, अशोक यादव, मुक्तिनाथ, अमित खेमका, मुक्कू यादव, लक्ष्मण चौहान, पप्पू यादव, मनोज राम, राजेश शर्मा, महेंद्र यादव, राहुल सोनी, बबलू स्वर्णकार सहित कई भाजपा नेता व गणमान्य की उपस्थिति रही।

# घरघोडा अस्पताल में जननेता रोशनलाल की तृतीय पुण्यतिथि पर किया गया फल वितरित





### हनुमान भक्त की याद मे श्री हनुमान चालीसा व आरती संग्रह पुस्तिका भी किए वितरण

घरघोडा। लोकशक्ति।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में भर्ती मरीजों को रायगढ़ भाजपा के पूर्व विधायक, कर्मठ व जनहितैषी जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर फल वितरण किया गया।** घरघोडा के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा अस्पताल पहुंचकर रोशन भैया अमर रहे का जयकारा करते हुए मरीजों व जरूरतमंदों को फल वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। हनुमान भक्त रोशनलाल अग्रवाल को याद करते हुए उनकी याद में हनुमान चालीसा एवं आरती संग्रह वितरण कर जन नेता स्वर्गीय रोशन लाल जी का पुण्यतिथि मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मरीजों को फल वितरण के बाद उनके साथ बिताएं पल को साझा भी किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर रोशन भैया को श्रद्धांजलि दी गई। उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जननेता रोशनलाल अग्रवाल के विचारों एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पण्डा ने संस्मरण में बताया कि रोशनलाल की बात करते समय निराला की राम की शक्तिपूजा कविता के राम झिलमिलाने लगते हैं। राम का जीवन संघर्षों का पर्याय रहा। देवी को 108 वें कमल भेंट करते समय उन्हें जब कमल नहीं मिला तो निराला के राम की आँखें आँसुओं से छलछला आई थीं। वे र्श्य से राम थे और ये र्श्य से रोशन ! तुलना केवल और केवल इस अर्थ में कि दोनों के जीवन की कहानी में संघर्ष केन्द्र में है विस्तार में है। जीवन में ऐसे न जाने कितने प्रसंगों में रोशनलाल की आँखें भीगी होंगी।

भाजपा नेता विजय डनसेना ने कहा कि बेहद साधारण और निर्धनता के निरंतर प्रहार झेलते परिवार में जन्मे रोशनलाल के जीवन में संघर्ष ही उनकी नियति रही। हर कदम पर यह संघर्ष उनका हम कदम रहा। लेकिन उन्होंने इसके साथ दोस्ती गाँठ ली और आगे बढ़ते रहे। खास बात यह है कि आगे के अपने सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अपने जिंदगी के इन धूसर-मटमैले हिस्सों को और नेताओं की तरह कभी छिपाया नही बल्कि बेहद गर्व से उसका बखान करते। शासकीय पुत्री शाला में चटाई बिछाकर पिपरमेंट गोली बेचने वाले रोशन लाल और रायगढ़ के यशस्वी विधायक रोशनलाल में आचरण और व्यवहार में फाँक नहीं रहा। वही विनम्रता, सहजता वही दीप्त-गर्व बना रहा, सजा रहा। बहुत गर्व से वे उन दिनों की बात युवाजनों से शेयर करते और उनका हौसला बढ़ाते।

इस भीगें नयन के पल में प्रमुख रूप से शकील अहमद, राधे श्याम राठिया ज्ञानेश्वर मिश्रा, शिशु सिन्हा, उमेश शर्मा, डोले पटेल, राजेश पटेल, विजय जयसवाल, राजेन्द्र ठाकुर, श्याम भोजवानी, मनमोहन ठाकुर, सहनु पैकरा, प्रेम मिश्रा, रितेश शर्मा विक्की साहू, गुरुनाम सिंह , गुरमीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में याद किए गए रोशनलाल



### भाजपा मंडल पदाधिकारियों सहित स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी हुए सम्मिलित

**लोईंग।** रायगढ के सक्रिय व लोकप्रिय पूर्व विधायक जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर लोइंग मंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोइंग में श्रद्धेय रोशनलाल की छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके साथ किए गए कामों व प्रेरणादायक कार्यक्रम को याद कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया।



### रोशन थे, रोशन हैं और रोशन रहेंगे

भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सूर्यकांत त्रिपाठी ने जननेता रोशनलाल अग्रवाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन भर बाटते रहे हनुमान चालीसा और मंगवाल वार को गिरे मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हुए इसे सच्चा बजरंगबली का भक्त नहीं कहा जाए तो क्या कहा जाए हनुमान चालीसा कितने लाखों लोगों को प्राप्त हुआ है इनके द्वारा कहा नहीं जा सकता जब इन्हें मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया वहां के डॉक्टर तक के पास इनकी दी हुई हनुमान चालीसा उनके पास थी जिस हवाई जहाज में इन्हें लेकर गया उस हवाई जहाज के पायलट तक के पास इनकी हनुमान चालीसा पाई गई यह एक अद्भुत बात है। अध्यात्मिक जीवन जीने के साथ ही साथ कर्मयोग के साधक भी थे। उनकी सक्रियता, लगन व निष्ठा ने रायगढ़ भाजपा को एक नई उचाई प्रदान की है। वे सदैव न्याय के पक्ष में रह कर बात करते व काम करने के पक्ष में रहते थे। सही काम, सही व्यक्ति व सही दिशा में करने वाले रोशन भैया सदैव हमारे दिलों में अमर रहेंगे।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुकलाल चौहान, पूर्व अध्यक्ष लोइंग मण्डल नवीन विश्वाल, महामंत्री डॉ आशुतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा मुरारी अग्रवाल, शैलेश प्रधान, नवीन बेहरा, प्रेमशंकर गुप्ता, कमल प्रधान, सुमन प्रधान, एवं सी एचसी स्टाफबी एम ओ डॉ एच जायसवाल एवं समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तृतीय पुण्यतिथि : धरमजयगढ़ में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर रोशन भैया को दी गई श्रद्धांजलि



**जननेता रोशनलाल अग्रवाल की स्मृति में गरीबों में बाटी गई कंबल**

**धरमजयगढ़।** पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल की 1 फ रवरी 2024 को तृतीय पुण्यतिथि है। इस अवसर पर धरमजयगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता एवं उनके समर्थकों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। गायत्री मंदिर परिसर में स्वर्गीय रोशन लाल अग्रवाल तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें उनकी ईमानदारी और उनके द्वारा किए गए पार्टी हित के लिए उन्हें याद किया गया। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर सभी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। उसके पश्चात सभी लोगों ने सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। तदपश्चात गरिबों को उनकी याद में कंबल वितरण किया गया।

# रोशन भैया को सादर नमन करते दी गई श्रध्दांजलि

### भाजपा नेता रिटार्यड आईजी आर.पी. साय ने रोशन भैया को सादर नमन करते दी श्रध्दांजलि

रायगढ़। लोकशक्ति।

**भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय रायगढ़ में अविभाजित मध्यप्रदेश में रायगढ़ व जशपुर जिला भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे एवं भाजपा संगठन हित के लिए सदैव सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनहितैषी, पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई।** संघर्ष की मिसाल कायम करने वाले, लोकप्रिय पूर्व विधायक व जननेता रोशनलाल अग्रवाल का 1 फ रवरी 2024 को तृतीय पुण्यतिथि था। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने करने के लिए रायगढ़ जिला भाजपा कार्यालय बडी संख्या मे पहुंचे थे।






उल्लेखनीय है कि धरमजयगढ़ से लेकर सारंगढ़ तक सम्पूर्ण जिले में व कई गांवों में अपने जननेता रोशनलाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उन्हें याद करते हुए उनकी प्राथमिकता, रूचि, स्वभाव को जानने व चाहने वाले उन्हीं के हिसाब से हृदय की गहराईयों से सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में स्वच्छता अभियान, फल वितरण, भिक्षुक भण्डारा, खिचडी प्रसाद वितरण, श्री हनुमान चालीसा वितरण, श्री आरती संग्रह पुस्तिका वितरण, हनुमान चालीसा का पाठ, सुन्दर काण्ड पाठ आदि समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। धरमजयगढ़ से सारंगढ़ तक अनेकानेक कार्यक्रम व परमार्थ कार्यो द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने एकनिष्ठ पार्टी के लिए काम करने वाले अपने नेता को याद कर विविध कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि दिया।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कार्यकर्ता के मध्य अपने जननेता रोशनलाल अग्रवाल का संस्मरण सुनाते हुए भाजपा जिला महामंत्री गुरविन्दर सिंह घई ने कहा कि रोशन भैया का जीवन खुले पन्ने की तरह था। वे सदैव योजनाबद्ध, मेहनत के साथ लगे रहने पर विश्वास करते थे। उनको आज पूरा शहर इसलिए याद रहा कि क्योंकि वे लोगों की सुख-दुख में सहभागी बनते थे। कार्यकर्ताओं की उनको पहचान थी। वे पत्रकारिता से जुडे रहने के कारण आम जनों तक उनकी पहुंच आम बात थी।

उन्होंने जुलाई 1992 से अपना प्रकाशन दैनिक जनकर्म प्रारंभ किया जो आज जिले का प्रमुख अखबार है। अखबार के प्रति उनकी सोच भी जनता के हित से जुड़ी थी, इसलिए नाम भी रखा जनकर्म । लोगों से जुड़ी समस्याओं एवं जनता की मांग को समाचार के माध्यम से प्रस्तुत कराने का सिलसिला उन्होंने अखबार के माध्यम से शुरू किया। वे जिले भर की खबरों के संकलन से लेकर उसके संपादन के काम में भी बारिकी से नजर रखते थे। यही कारण है कि जब मेल और वाट्सअप जैसी कुछ चीज नहीं थी तो उस वक्त भी उनके पास सभी हस्तियों की फेटो उपलब्ध रहती थी। उनका फेटो कलेक्शन का दौर भी ऐसा था कि भाजपा हो या कांग्रेस या कोई और बड़ी हस्ती, उन सबकी फेटो जनकर्म की लाइब्रेरी में मिल जाया करती थी। 1992 में शुरू किए दैनिक जनकर्म अखबार के माध्यम से उन्होंने समय समय पर समस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया। गरीब, गांव, किसान सबके काम करने के कारण देखते देखते जननेता के रूप में उभर कर इतिहास बनाकर अपने नाम को अमर कर गए। पुलिस विभाग से रिटार्यड आईजी साय ने रोशन भैया के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व, विचार एवं सिद्धांतों को बताते हुए कहा कि मैं रोशनलाल अग्रवाल को बहुत दिनों से जानता था। उनके साथ कई बार मुलाकात हुई। उनकी दूरदर्शिता सोच और धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी ईमानदारी एवं भाजपा के प्रति निष्ठा, लगनशील नेता अब शायद हमकों मिलेगा। भाजपा को सबसे ज्यादा समय देने वाले कोई थे तो रोशनलाल अग्रवाल ही है जिन्होंने मार्निग वाकिंग हो या शादी विवाह हो हर जगह उनकी पैनी नजर संगठन हित रहता था।

## क्राईम डायरी....

### डोंगरगढ़ गोल बाजार में जबरदस्त हादसा, लोंगो को आई गंभीर चोटें



डोंगरगढ़। डोंगरगढ़ में तड़के शाम सवा 6 बजे एक बड़ा घटना होते देख गया। बता दे कि गोल बाजार जनता ड्रेसेस से जैन मंदिर तक एक अर्टिका कार सफेद रंग की छ्त्त08ङ्क4064 के चालक शराब के नशे में धुत रौंदते हुए आगे बढ़ रहा था। जिसमे एक युवक को जबरदस्त गंभीर चोटें आई है जिसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी चोट आई है। बताया जा रहा है कि उक्त वाहन चालक केदारबाड़ी से हिट हुए कई लोगों को चपेट में लेते वह वाहन चालक तेज रफ्तार गोल बाजार होते हुए फरार होने के फिराक में बाजार में सब्जी बेचने बैठे एवं बाजार आये लोगो को भी अपने चपेट में ले लेता। गमीनत रहा की रास्ता उस वक्त साफथा पर भी जैन मंदिर के पास एक युवक को चपेट में ले लिया जिसका हालात अधिक गंभीर है। मंदिर को घसीटते हुए पास खड़ी दुपहिया वाहन को बुरी तरह परखच्चे उड़ा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आसपास के लोगो जो बाजार आये साथ ही दुकानदारों को बड़ा हादसा होते बाल बाल बचे। एक बड़ा हादसा होते टला हैं। उक्त घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुँचकर, नशे में धुत वाहन चालक को पुलिस कस्टडी में लेकर वाहन को भी जप्त कर स्थिति सामान्य किया ।

### तेलीबांधा थाना तिराहा (मेक इन इंडिया चौक) का किया गया संयुक्त निरीक्षण

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना के सामने मेक इन इंडिया चौक पर पीक अवर्स में लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिसको देखते हुए सचिन्द्र कुमार चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, सुशांतो बनर्जी उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, नगर निगम रायपुर से



राजेश शर्मा कार्यपालन अभियंता , अरुण अरुण साहू जोन कमिश्नर जोन 03 , दिलीप कोसरिया जोन कमिश्नर जोन 10, एनएचएआई से रविंद्र सहाय प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सीनियर मैनेजर श्री अमर परिहार द्वारा चौक का संयुक्त निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान चौक पर यातायात के सिग्नल के माध्यम से संचालन में आ रही कठिनाई एवं कारणों का अवलोकन किया गया एवं यातायात के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु निम्नानुसार कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया। 01. तेलीबांधा थाना के सामने जंक्शन स्थान पर ङ्कद्धक्क टर्निंग की ओर से शहर की ओर प्रवेश करने वाले मार्ग के आईलैण्ड की चौड़ाई एवं पाथवे की चौड़ाई को कम करना । विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के सामने समाप्त हो गया है उसे आगे बढ़ाते हुए चंद्रा आइकॉन काम्प्लेक्स के सामने सर्विस रोड तक बढ़ाकर पूर्ण किया जाना। मिनोचा पेट्रोल पंप की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के पास समाप्त हो गया है उसे अवंति विहार तिराहा तक आगे बढ़ाना।

### ट्रेन में यात्री का मोबाईल लूटने वाले तीन अपराधी दबोचे गए

रायपुर । 31 जनवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन में गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के जनरल कोच में चढ़ते समय खड़ी गाड़ी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा यात्री का मोबाईल जबरन बल पूर्वक लूट लिया गया था । पीड़ित यात्री द्वारा इसकी षिकायत जीआरपी झारसुगुड़ा में दर्ज कराया गया । घटना के क्षेत्राधिकार के आधार मामला रायपुर को प्राप्त होने पर जीआरपी रायपुर



द्वारा अपराध क्रमांक 251/23 दिनांक 3.12.2023 धारा 392, 34 आईपीसी दर्ज किया गया । इसके बाद से आरपीएफ एवं जीआरपी रायपुर द्वारा अपराधियों के पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था । इसी दौरान दिनांक 31.1.2024 को आरपीएफ रायपुर के प्रभारी एम.के. मुखर्जी के नेतृत्व में आरपीएफ टास्क टीम प्रभारी उप निरीक्षक ए जेड चौधरी, प्रधान आरक्षक व्ही.सी.बंजारे, आरक्षक देवेष सिंह एवं जीआरपी रायपुर की संयुक्त टीम द्वारा रायपुर रेलवे स्टेषन, ओवर ब्रिज रामनगर के पास से घटना में संलिप्त तीनों आरोपियों (1) नरेंद्र कहार, उर्फ माईकल उम्र-35 वर्ष नहर पारा, सुभाष नगर, रायपुर (2) मुकेष यादव उर्फ मोटा, उम्र-26 वर्ष रामनगर कर्मा चौक रायपुर एवं (3) कृष्णा यादव, उम्र-20 वर्ष, ग्राम ढाबा, कुम्हारी, दुर्ग (छ.ग.) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का एक नग मोबाईल कीमत 19000 रूपये बरामद किया गया और तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है ।

### ट्रक-बस की जोरदार टक्कर, महिला यात्री की मौत



**रायपुर।** रायपुर से सटे अभनपुर इलाके के अभनपुर-भरेंगाभाटा चौक पर तेज रफ्तार ट्रक और यात्रियों से भरी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार एक महिला की मौत हो गई है। जबकि करीब 30 यात्रियों को गंभीर चोटें आई है। इसमें 6 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें मेकाहारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा बुधवार दोपहर करीब दो बजे हुआ। यात्री बस अभनपुर से पाटन की ओर आ रही थी। इसी दौरान विपरित दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक से टक्कर के बाद बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे में नवापारा के तर्री गांव निवासी शांति बाई (65) की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय विधायक इंद्र कुमार साहू घायलों से मिलने अभनपुर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों के परिजनों से बातचीत की। गंभीर रूप से घायल मरीजों को रायपुर के मेकाहारा रेफर किया गया। जहां उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, बस और ट्रक दोनों तेज रफ्तार में थी। भरेंगाभाटा चौक के करीब पहुंचते ही दोनों गाड़ियां अनियंत्रित हो गई। तभी ट्रक ने बस को साइड से टक्कर मारी। जिससे बस सड़क में जा पलटी। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# एनआईटी के छात्र ने आत्महत्या की कोशिश की

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खौफनाक मामला सामने आया है. एनआईटी के मेटलर्जी विभाग के एक छात्र ने रविशंकर विश्वविद्यालय में विस्फोटक से खुद को उड़ाने की कोशिश की. जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया है. घायल का अस्पताल में इलाज जारी है. यह मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार की दोपहर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सूखे तालाब ज्ञान सरोवर में एनआईटी के मेटलर्जी विभाग के एक छात्र ने विस्फोटक से खुद को उड़ाने की कोशिश की. इस घटना में छात्र बुरी तरह घायल हो गया. घायल छात्र को एम्स में भर्ती कराया गया



है. मामले में पुलिस ने बताया कि छात्र ने अपनी बहन और डॉक्टर से चर्चा में सुसाइड की कोशिश करने की बात कही है. मामले में जांच की जा रही है. पुलिस को घटनास्थल से बारूद, बम में इस्तेमाल होने वाले स्पिलिंटर मिले हैं. सुसाइड की कोशिश के लिए छात्र ने बारूद पटाखों का इस्तेमाल किया होगा ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है. जिस समय सूखे तालाब ज्ञान सरोवर में छात्र ने खुदकुशी की कोशिश की. उस समय विस्फोट होने से दूर तक इसकी गूंज सुनाई दी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. आवाज सुनकर बड़ी संख्या में छात्र वहां पहुंचे तो छात्र को घायल अवस्था में देख उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी के मुताबिक घायल छात्र के बैग से एनआईटी के छात्र होने की जानकारी मिली. जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई. अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है. इस मामले में पुलिस घायल छात्र के मोबाइल से भी जानकारी खंगाल रही है.

## विवेकानंद दुर्गा कॉलेज कैम्पस में रही एनवल डे (वार्षिक उत्सव) की धूम



**रायपुर** 31-जनवरी बुधवार को सुबह 10.00 बजे से रायपुर के ही मौदहापारा स्थित स्वामी विवेकानंद कॉलेज में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कॉलेज के प्रधानचार्य मनोज मिश्रा, आशीष दुबे व श्री जगन्नाथ शाह जी ने बताया की आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अमांत्रित पँ.रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल जी रहे पश्चात कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें मुंबई से आमंत्रित बैंड व रायपुर के ही युवा जोश से भरपूर अंशु महाराज व टीम के द्वारा भगवान श्री राम के भजनो से प्रारंभ हुआ उसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को पूरे मस्ती में झूमा देने वाली फिल्मी तर्ज पर प्रस्तुति प्रस्तुत दिया गया

## विकास उपाध्याय ओड़िसा बॉर्डर कनकतोरा एवं रेंगालपाली पहुँचे



**ओड़िसा व रायगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर मार्ग/रूट का जायजा लिया**

**रायपुर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास उपाध्याय को छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल संचालन के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्ग/रूट समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने के उपरांत एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय रायगढ़ के लिए रवाना हुये। उन्होंने बताया कि प्रदेश में यात्रा के प्रवेशद्वार से यात्रा मार्ग रायगढ़ से खरसिया, खरसिया से कोरबा, कोरबा-कटघोरा से तारा, तारा-उदयपुर से अंबिकापुर, राजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज इत्यादि मार्गों की समीक्षा व निरीक्षण हेतु उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। जिसकी शुरूआत उन्होंने ओड़िसा बॉर्डर कनकतोरा एवं रेंगालपाली पहुँचकर की, जहाँ ओड़िसा व रायगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर मार्ग/रूट का जायजा लिया। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे गुल्लू पाण्डा ओड़िसा, दुश्मंतो ओड़िसा, सियाराम ओड़िसा एवं रायगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरूण मालाकार, शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला, चिकू अग्रवाल, विकास शर्मा, संगीता गुप्ता, आशीष शर्मा, बबलू बैराग, चारू शर्मा, अमन गिल, प्रकाश मानिकपुरी, अमित शर्मा मोंटा, गोलू कुशवाहा, कुलदीप ध्रुव, हर्षित जायसवाल, नीलकमल गिलहरे उपस्थित रहे।

## रायपुर मंडल के 15 सदस्य सेवानिवृत्त

**रायपुर**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 15 सदस्य (10 सामान्य एवं 05 असामान्य) जनवरी 2024 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए। इस समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी (श्रीमती निकिता अग्रवाल), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (श्री निरंजन गुनीराम बड़गे), सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 15 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 02, विद्युत विभाग से 01, इंजीनियरिंग विभाग से 06, परिचालन विभाग से 04, वाणिज्य विभाग से 01 एवं लेखा विभाग 01 कर्मचारी शामिल है। सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। (ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 5,97,58,958/- का भुगतान किया गया)। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल आदि दिनांक 31/01/2024 को प्रदान किया गया। सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए




सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

## सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय के उप संचालक मनराखन मरकाम को भावभीनी विदाई

**रायपुर**

जनसंपर्क संचालनालय के उप संचालक मनराखन मरकाम को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा दी गई। 31 वर्षों तक विभाग को अपनी सेवाएं देने के बाद आज मरकाम सेवानिवृत्त हुए। मरकाम ने अपनी सेवाओं के 7 साल 8 महीने मध्यप्रदेश में एवं 23 साल छत्तीसगढ़ में बिताये। इस मौके पर अपने अनुभव साझा करते हुए मरकाम ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में बिताये



गये 31 वर्ष बहुत यादगार अनुभव हैं। इन वर्षों में साथी अधिकारियों के साथ सभी विभागीय दायित्वों का मनोयोग से पालन किया। जनसंपर्क विभाग में अधिकारियों से बहुत स्नेह मिला जो हमेशा यादगार रहेगा। इस मौके पर अपर संचालक संजीव तिवारी ने कहा कि मरकाम को सौंपे गये सभी दायित्व उन्होंने अच्छी तरह से पूरे किये। कार्य के प्रति उनकी सजगता और मेहनत सराहनीय है। अपर संचालक श्रीमती हर्षा पौराणिक ने इस मौके पर कहा कि मरकाम ने तीन दशक विभाग को दिये और पूरी मेहनत से अपना कार्य अच्छी तरह संपादित कर सेवानिवृत्त हुए हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अपर संचालक संतोष मौर्य ने कहा कि सरगुजा संभाग में अपनी पदस्थापना के दौरान मैंने मरकाम का काम निकट से देखा। वे बहुत कर्मठ और सजग अधिकारी रहे हैं। इस दौरान संयुक्त संचालक सर्वपंकज गुप्ता, धनंजय राठौर, डी.एस. कुशराम, सुरेंद्र ठाकुर एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दंतेवाड़ा-बीजापुर में नक्सली और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़, कुकर बम बरामद



**जगदलपुर**

भैरमगढ़ और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों से टीम दंतेवाड़ा की दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम रोतड़ पिंडकापाल बोडगा ताकिलोर क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों के द्वारा गोलीबारी के साथ ही यूबीजीएल भी दागे। इस दौरान पुलिस टीम नक्सलियों के ऊपर भारी पड़ी। जिसके बाद नक्सली भाग निकले।

बताया जा रहा है कि भैरमगढ़ और इंद्रावती एरिया कमिटी के प्लाटून नं. 16 के कमांडर डीवीसीएम मल्लेश सहित सशस्त्र 25- 30 नक्सलियों की बैठक होने की सूचना पुलिस टीम को लगी। सूचना पर डीआरजी बस्तर फाइटर्स तथा सीआरपीएफ़230 यंग प्लाटून टीम द्वारा संयुक्त नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान चलाया गया।

नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर हथियारों से फायरिंग भी की। सुरक्षाबलों के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। वापसी के दौरान दंतेवाड़ा की टीम ने तीन नक्सल स्मारक सहित नक्सल डेरा ध्वस्त किए। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए रास्तों में स्पाइक और आईईडी लगाया गया था। टीम दंतेवाड़ा द्वारा रास्ते में लगाया गया कुकर बम भी बरामद किया गया है।

### अपने गढ़ में जवानों की मौजूदगी से बौखलाए नक्सली, सुकमा एसपी

**प्रतिदिन राजधानी, सुकमा।** बीते दिनों छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा सीमा पर स्थित जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों ने सीआरपीएफजवानों पर फायरिंग सुकमा के एसपी किरण चौहान ने बताया कि भौगोलिक दृष्टिकोण से यह पूरा इलाका नक्सलियों का गढ़ माना जाता है. यह क्षेत्र आंध्र प्रदेश-तेलंगाना की सीमा से लगी हुई है. इसलिए यहां पर सीआरपीएफकैंप लगने के बाद नक्सलियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा. यही वजह है कि नक्सलियों ने बौखलाहट में जवानों पर 900 से अधिक देसी ग्रेनेट दाग दिया।

## पॉवर कंपनी में ईडी. पाण्डेय व सीई ग्रोवर को भावभीनी विदाई

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से सेवानिवृत्त पश्चात हुए कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार पाण्डेय एवं मुख्य अभियंता विनोद ग्रोवर को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर ट्रांसमिशन- डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के एमडी. एस.के.कटियार ने सेवानिवृत्तजनों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

ईडी पाण्डेय लगभग 20 वर्षो से चेयरमेन कार्यालय में पदस्थ रहे एवं सीई ग्रोवर जनरेशन कंपनी में सीपी एण्ड बीडी के साथ टी एण्ड क्यूए का प्रभार संभाल रहे थे। एमडी खरे ने कहा कि पाण्डेय ने चेयरमेन कार्यालय में रहते हुए उत्पादन, पारेषण एवं वितरण संबंधी सभी प्रकरणों में सूक्ष्मता से अध्ययन एवं



बेहतर विकल्प देने के लिए जाने जाते हैं। एमडी कटियार ने कहा कि पाण्डेय की कार्यशैली से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। दोनों अधिकारियों ने पूरी निष्ठा व लगन से पॉवर कपंनी की प्रगति में योगदान दिया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त पाण्डेय ने कहा कि उच्च अधिकारियों से मिले मार्गदर्शन और सीखने का अवसर मिला, इससे बेहतर समझ विकसित हुई। उन्होने इसके लिये सभी का आभार व्यक्त किया। सीई ग्रोवर एवं ने अपने-अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। पॉवर कंपनी में किये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी अधिकारियों ने सेवानिवृत्तजनों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की। उस अवसर पर ईडी सर्ववीके साय, अशोक कुमार वर्मा, भीम सिंह, एमएस चौहान, के एस मनोठिया, एमएस कंवर, आरए पाठक, एमके बागड़े, जीएम वाईबी जैन, एडिशनल सीई विनोद अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया।



### 67वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**कोरबा** । जिले में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत आज बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी तरह बालक 19 वर्ष महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

संपादकीय

## सोरेन की गिरफ्तारी झारखंड की राजनीति को नया मोड़ देगी

झारखंड की राजधानी रांची में इस समय ज़बरदस्त राजनीतिक हलचल है। बुधवार रात को हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से कुछ मिनट पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, अपनी जगह कैबिनेट मिनिस्टर और झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता बना दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने इस्तीफे के तुरंत बाद राज भवन में ही हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। बुधवार रात को करीब साढ़े 8 बजे घटनाक्रम तेजी से बदला। JMM, कांग्रेस और RJD के विधायक अचानक मुख्यमंत्री आवास से निकल कर राजभवन गए। इसके बाद हेमंत सोरेन भी राज्यपाल से मिलने पहुंच गए। उन्होंने एक हाथ से अपना इस्तीफा पेश किया और दूसरे हाथ से राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। हालांकि हेमंत सोरेन के साथ पहुंचे सभी विधायकों से राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन की मुलाकात नहीं हुई, सिर्फ कुछ विधायक ही अंदर गए, लेकिन विधायकों ने ये एलान कर दिया कि चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। अब राज्यपाल को नई सरकार को शपथ दिलानी चाहिए। अब सवाल है, झारखंड में नई सरकार का गठन कब होगा? चंपई सोरेन को राज्यपाल शपथ के लिए कब बुलाएंगे? बुलाएंगे भी या नहीं? इतना तो तय है कि जब हेमंत सोरेन को भरोसा हो गया कि उनकी गिरफ्तारी पक्की है, उन्होंने इस्तीफा देने और बिना देर किए चंपई सोरेन को अपनी कुर्सी पर बैठाने कै फैसला किया, क्योंकि हेमंत सोरेन नहीं चाहते थे कि राज्यपाल को या केन्द्र सरकार को दखलंदाजी का कोई मौका मिले।





## चलो थोडा मुस्कुराते है।।

चलो थोडा मुस्कुराते है
इस दवा को आजमाते है.

कठिनाई में खिलखिलाते है,
मुसीबत में भी मुस्कुराते हैं।

जिसकी आदत है मुस्कुराना,
वो ही ज़माने को झुकाते है।

मायुसी विषाद की जड़ होती है,
उदासी को मुस्कुराहट से मिटाते है।

मुस्कुराना औषधि है बेहतरीन,
चलो दवा को भी आजमाते है।

खरीदी न बेचीं जाती मुस्कुराहट,
अनमोल है ये चलो मुस्कुराते है।

बेहतरी के नाम मुस्कुराते है,
सुनहरे कल के लिए मुस्कुरातें है।

– संजीव ठाकुर,



# कांग्रेस लगातार एक से बढ़ कर एक ऐतिहासिक भूल कर रही है!

**कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में कोई समानता हो सकती है? सांप्रदायिकता और मोदी विरोध के नाम पर दोनों दल करीब दो दशक से साथ हैं। करीब ढाई दशक पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को केंद्र सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन पार्टी ने उसे नकार दिया। तो क्या कांग्रेस भी वैसी ही ऐतिहासिक भूल कर रही है? कांग्रेस को लेकर यह सवाल राजनीतिक हलकों में उसके हालिया कदम के बाद पूछा जा रहा है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस को बुलावा भेजा था। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को समारोह में शामिल होने का बुलावा मिला। इस समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस कुछ दिनों तक उहापोह में रही। आखिर में उसने इस समारोह के आमंत्रण को ही एक तरह से ठुकरा दिया। करीब ढाई दशक से कथित सांप्रदायिकता के इर्द-गिर्द राजनीतिक विमर्श चल रहा है, उसकी वजह से एक सियासी हलके के एक वर्ग को कांग्रेस का यह कदम ऐतिहासिक और मजबूत लग रहा है। लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है, जिसे लगता है कि कांग्रेस ने इस आमंत्रण को ठुकरा कर ऐतिहासिक गलती की है।**



इतिहास का प्रमाणित तथ्य है कि अयोध्या के विवादित ढांचे का ताला कांग्रेस ने ही खुलवाया। शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के जरिए पलटने के बाद मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सवालों के घेरे में आई तत्कालीन राजीव सरकार ने ताला खुलवाकर एक तरह से सियासी पासा फेका था। उसे ऐसा लगा कि कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों में इस दांव से नाराज पड़े हिंदू मतदाताओं को साधा जा सकेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चुनाव नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल भले ही बनी, लेकिन बहुमत की संख्या से काफी पीछे चली गई। तब शिलान्यास और ताला खुलवाने को कांग्रेस के अंदर की कट्टर सेकुलरवादी सोच ने गलत बताना शुरू किया। राममंदिर तब से कांग्रेस की नजर में सांप्रदायिकता का प्रतीक बनता चला गया।

लेकिन सवाल यह है कि क्या इसका कांग्रेस को फायदा मिला? लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक फैसलों का आकलन आखिरकार मतदान में मिले समर्थन से ही आंका जाता है। कांग्रेस में ही एक तबका ऐसा है, जिसे लगता है कि बाबरी ध्वंस हुए तीन दशक से ज्यादा हो गए। तब से लेकर अब तक सरयू में काफी पानी बह चुका है। इसलिए इस मुद्दे पर पार्टी को अलग रवैया अख्तियार करना चाहिए। हालांकि उस वर्ग की पार्टी में कम सुनी जाती रही। इसका ही नतीजा रहा कि सर्वोच्च न्यायालय में राममंदिर को लेकर जारी मुकदमे में विरोध में उतरे नेताओं ने राम को काल्पनिक पात्र बताने में हिचक नहीं दिखाई। मीर बाकी ने मंदिर ध्वस्त करके मस्जिद बनवायी थी, उस तथ्य को भी कांग्रेस का प्रभावी तबका नकारता रहा। कांग्रेस के इस कदम को उत्तर भारत के मतदाताओं के एक बड़े वर्ग ने चिढ़ाने के अंदाज में लिया। निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी को इसका भी फायदा मिला। विगत दस सालों से केंद्र की सत्ता पर वह काबिज जिन वजहों से है, उसमें एक वजह यह भी है। लेकिन कांग्रेस के बौद्धिक सलाहकारों का प्रभावी तबका इस तथ्य को या तो समझ नहीं रहा है या फिर समझते हुए भी जानबूझकर नकार रहा है।

22 जनवरी के आयोजन को लेकर देशभर में भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर जमीनी स्तर पर जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह सिर्फ सनातन आस्था का उभार का प्रतीक ही नहीं है। बल्कि यह उत्साह एक तरह से भावी चुनावों की बानगी भी पेश कर रहा है। कांग्रेस ने जिस तरह आमंत्रण को ठुकराया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है, मानो वह जमीन पर जारी इस उत्साह को समझ नहीं पा रही है।

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा करने के बावजूद राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद राजनीतिक संख्या बल के लिहाज से ताकतवर उत्तर भारत के राज्यों में कांग्रेस का समर्थक आधार लगातार कमजोर होता चला गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में तो भाजपा विरोध का उसकी बजाय समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दलों को फायदा मिला है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद हैं। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की 120 सीटें आती हैं। लेकिन कांग्रेस के पास महज दो सीटें ही हैं।

अतीत में उत्तर भारत में कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों के समीकरण से तैयार राजनीतिक रसायन से सत्ता का मुरब्बा तैयार करती रही है। लेकिन राममंदिर आंदोलन के बाद उसका ब्राह्मण वोट बैंक छिटक गया, जिन अल्पसंख्यकों के लिए समर्थन के लिए वह राममंदिर आंदोलन को सांप्रदायिकता की आंच में पकाती रही, वे अल्पसंख्यक भी उसके साथ नहीं रहे। मौजूदा दौर में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न हो पाने का सियासी नफा-नुकसान क्या हो सकता है, यह उत्तर की बजाय कांग्रेस के दक्षिण के क्षत्रप ज्यादा समझ रहे हैं। शायद यही वजह है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर अप्रत्यक्ष तौर पर उम्मीद दिखाने से परहेज नहीं किया।

बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में जीत मिली। इसके बाद कांग्रेस ने नया नैरेटिव पेश किया। कांग्रेस का कहना था कि विंध्य के दक्षिण के मतदाताओं पर सांप्रदायिकता का असर नहीं होता। वे जमीनी मुद्दों पर मतदान करते हैं, जबकि उत्तर के मतदाता सांप्रदायिकता, धर्म और जाति पर मतदान करते हैं। हालांकि यह भी अधूरा सच ही है। चूंकि भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण के राज्य अब भी प्रश्न प्रदेश बने हुए हैं, इसलिए कांग्रेस ऐसी सोच रखती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दक्षिण के राज्यों के ही सहारे वह केंद्रीय राजनीति की धुरी बन सकती है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। कांग्रेस को शायद यह लग रहा है कि अगर वह सांप्रदायिकता विरोध की जमीन पर खड़ी रहेगी तो सवर्ण मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग अब भी ऐसा है, जो उसकी ओर खिंचा चला आ सकता है और अल्पसंख्यक वोटरों का समर्थन उसे थोक में मिल सकता है। हालांकि विगत दो-ढाई दशकों का चुनाव नतीजों के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं।

कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि पार्टी आलाकमान को राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए था। उसे बताना चाहिए था कि राम सबके हैं। संयोग से भाजपा ने राम को लेकर यही नारा भी दिया है। प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर पार्टी राममंदिर पर भाजपा के स्टैंड में किंचित सेंध लगा सकती थी। कांग्रेस के ही एक धड़े का यह भी मानना है कि प्रतिष्ठा समारोह की बजाय पार्टी आलाकमान को अगले दिन राममंदिर के परिसर में अपने समर्थकों के साथ दर्शन का कार्यक्रम बनाना चाहिए था। कांग्रेस आलाकमान तब यह भी बयान दे सकता था कि राम उसके लिए राजनीति के माध्यम नहीं हैं, बल्कि उसके भी पूज्य हैं। पार्टी में ऐसी समझ रखने वाला तबका आलाकमान के फैसले से निराश है। उसे लगने लगा है कि जमीनी स्तर पर मंदिर को लेकर जारी उत्साह के चलते पार्टी का यह कदम उसे भारी पड़ सकता है।

आखिर में एक बार सीपीएम से कांग्रेस की तुलना की बात..1996 में सत्ता को नकारने वाली सीपीएम ने बाद के दिनों में अपने उस कदम को ऐतिहासिक भूल करार दिया था। कांग्रेस ने जिस तरह राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होने का फैसला किया है, उससे उसकी चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो क्या वह सीपीएम की तरह मानेगी कि उसने ऐतिहासिक भूल किया था। वैसे उसके कार्यकर्ताओं का एक वर्ग तो अभी से ही ऐसा मानने लगा है। चौपाल-चौराहों की चर्चाओं में यह सोच प्रतिध्वनित होने भी लगी है। **–उमेश चतुर्वेदी**

# भारतीय विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम एवं वैश्विक शांति में चीन और पाकिस्तान अनावश्यक अवरोध

(विश्व शांति के लिए पहल अत्यंत अहम)

**विगत 3 वर्षों से ज्यादा समय से कोविड की महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा थाद्य इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। इसराइल हमास फिलिस्तीन युद्ध जहां 26000 निर्दोष लोग मारे गए हैं और लगभग 70 हजार लोग घायल होने के बावजूद इसराइल हमास पर लगातार आक्रमण कर रहा है परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका मंडराने लगी हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है।**



वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण ही प्राचीन समय से अब तक भारत में हर जाति, हर धर्म के लोगों को शरण दी थी। उन्हें अपनाया गया फिर चाहे वह मुगल हो या अंग्रेज ही क्यों ना हो। भारत ने सभी को एक परिवार मानकर व्यवहार किया है। पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोलवीं तथा 17वीं शताब्दी में यूरोप मैं औद्योगीकरण का युग प्रारंभ हुआ और अलग-अलग देशों ने अपने-अपने उपनिवेश बनाने शुरू कर दिए और तब वसुधैव कुटुंबकम की भावना को क्षति पहुंची। तब राष्ट्रवाद का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद एक राष्ट्र तक ही सीमित होकर रह गया है। आज पूरा विश्व अलग-अलग समूहों में बट चुका है, और अपने लाभ तथा उद्देश्यों के प्रति सजग तथा अलर्ट है। इन सभी देशों का उद्देश्य विकास और शांति का ही है। अतः सभी देशों को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बलवती करना चाहिए। अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख विकासवान देश इस भावना से कार्य करने पर प्रगति पर हैं, पर कुछ देश जो वैश्विक अशांति के लिए खतरा बन चुके हैं। सब दूसरे देशों सेअलग-थलग पड़ गए हैं। यह बात सर्वविदित है कि विश्व के देशों को वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एकजुट होकर विकास की ओर अग्रसर होना चाहिए, क्योंकि विकास का मार्ग एकजुटता से होकर ही प्रशस्त होता है। अभी इस दिशा में बहुत काम करना शेष भी है। और जिस दिन विश्व के देश आपस की कटुता वैमनस्यता और मतभेद को बुलाकर एक धरातल पर आ जाएंगे उस दिन वसुधैव कुटुंबकम की सद्भावना संपूर्ण आकार ले लेगी। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अभी अमेरिका के दौरे पर संयुक्त राष्ट्र संघ स्क्वाड और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान वसुधैव कुटुंबकम एवं वैश्विक शांति की दुनिया से पुरजोर अपील भी की है। और वैश्विक शांति के लिए कुछ देशों को इस बात से बाज आने का संकेत भी दिया है। भारत के प्रधानमंत्री की अमेरिका सफल यात्रा के बाद पूरे विश्व में भारत का कद तो ऊंचा हुआ ही है, इसके साथ ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना भी बलवती हुई है। इसी भावना के साथ भारत देश को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। यदि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का छठवां सदस्य बनता है, तो यह भारतीय गणतंत्र की बड़ी सफलता होगी। भारत के ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भारत ने अपनी वैश्विक विदेश नीति के तहत एक प्रमुख नीति बनाकर विश्व में शांति तथा विकास की बात हमेशा दोहराई है। आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं कि भारत देश की बात विश्व के देश बड़ी शांति और पूरे ध्यान से सुनते हैं। कई देशों ने आपसी भाईचारे पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। यह भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता भी है। वसुदेव कुटुंबकम जियो और जीने दो तथा वैश्विक शांति के मार्ग पर भारत चलकर वैश्विक गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यह भारत का अमोघ अस्त्र साबित होगा जिससे विश्व में शांति सौहार्द और विकास स्थापित होने की संभावना बलवती होगी पर भारत की वसुदेव कुटुंबकम एवं शांति नीति में चीन और पाकिस्तान की भारत के प्रति विरोधी नीति एक अवरोध बनकर खड़ी हो जाती है जिसका निदान होना अत्यंत आवश्यक है।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,**
**यह निजी विचार है।**

## अंतरिम बजट में 6 हजार 896 करोड़ से होगा छत्तीसगढ़ में रेलवे का विकास

संवाददाता ।



**रायपुर.** निर्मला सीतारमण ने आज अंतरिम बजट पेश किया. इसके बाद रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित किया. इस कांफ्रेंस के माध्यम से रेल मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में रेलवे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 6 हजार 896 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है. ये राशि तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर में खर्च किए जाएंगे. जिसमें ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर, पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर शामिल है.

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि यूपीए की सरकार में छत्तीसगढ़ को 2009 से 2014 के बीच महज 311 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी. तब मात्र 6 किलोमीटर रेल लाईन बिछाई जाती थी, लेकिन अब छत्तीसगढ़ 162 किलोमीटर (औसतन) रेल लाईन बिछाई जाती है. उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए 36 हजार 968 करोड़ रुपए का इंवेस्टमेंट किए जाने की बात कही. उन्होंने कहा कि अमृत रेलवे स्टेशन मिशन के तहत 32 रेलवे स्टेशन का पुर्नविकास होगा.

मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गतिशक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है. यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।'

## बजट देश में ग़रीबी को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेगा : ओपी

लोकशक्ति । संवाददाता।



**दो दशकों का रोडमैप होगा तय –** वहीं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने अमृतकाल के फ उंडेशन को रखने का काम किया है. हम आने वाले दो दशकों में किस रणनीति के तहत आगे बढ़ेंगे, इसका रोड मैप जुलाई में आने वाले पूर्ण बजट में तय होगा. भारत एक विकसित राष्ट्र है, उसकी नींव रखने का काम यह बजट करेगा. भारत में इनोवेशन कल्चर को नॉलेज का हब बनाया जा रहा है. भारत सरकार का बजट देश में ग़रीबी को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेगा।

सीएम साय ने कहा कि यह बजट देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को और अधिक तेज करेगा तथा सामाजिक न्याय, ग्रामीणों की आय में वृद्धि तथा सबका साथ सबके विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा. बजट में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स तथा इंपोर्ट ड्यूटी के रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है. राज्यों के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त कर्ज का प्रावधान इस बजट में किया गया है.

**2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य –** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वास्तव में यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को पूर्ण करने वाला बजट है. साथ ही 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में पहल करने वाला बजट है. बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए मध्यम वर्गीय एवं गरीब कल्याण परक योजनाओं का समावेश किया गया है, जो इसे प्रशंसनीय बनाता है।

### प्रधानमंत्री की गारंटी के अनुरूप बजट – संतोष पाण्डेय



सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते बजट को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप बताया है। उन्होंने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि पांच वर्ष में दो करोड़ घर, पांच साल तक आठ करोड़ जनता को मुफ्त राशन, घरों को सोलर एनर्जी से रोशन करने की योजना और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना भविष्य के भारत की सोच है। मछुआरों की वित्तीय स्थिति में सुधार गरीबो की चिंता है । युवा, महिला,गरीब और किसानो को केन्द्रित कर तैयार किया गया बजट, गरीब और माध्यम वर्ग का विकास करेगा । यह बजट आगामी पूर्ण कालिक बजट का प्रतिबिम्ब है जो अतुलनीय है। जिसमें तीन करोड़ लाभान्वित दीदियाँ भी होंगी। गरीबों और देश की अधोसंरचना, सुरक्षा को समर्पित बजट के लिए सांसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# भारत में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023–24 में 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान

आज संसद में अंतरिम केन्द्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि अगले वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये किया जा रहा है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर तीन गुना कर देने के परिणामस्वरूप देश में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन पर व्यापक गुणक प्रभाव पड़ रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान, जिसे वित्त मंत्री के भाषण के साथ पेश किया गया, के अनुसार भारत में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके साथ ही यह आरबीआई (दिसंबर 2023 में आयोजित इसकी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में) द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर देने के अनुरूप भी है जो वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में दर्ज की गई दमदार विकास पर आधारित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी दमदार मजबूती का प्रदर्शन किया है और इसके साथ ही उल्लेखनीय वृहद आर्थिक तत्वों को बरकरार रखा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अक्टूबर 2023 में अपने विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत में अपने विकास अनुमान को संशोधित करके जुलाई 2023 के अनुमानित 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। यह ऐसे समय में भारत की दमदार आर्थिक क्षमता में पूरी दुनिया के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है जब वर्ष 2023 में वैश्विक विकास का अनुमान 3 प्रतिशत पर यथावत रहा है।

आईएमएफ के अनुसार भारत के वर्ष 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (बाजार विनिमय दर पर डॉलर में) बन जाने की प्रबल संभावना है और यह भी अनुमान लगाया गया है कि पांच वर्षों में वैश्विक विकास में भारत का योगदान 2 प्रतिशत बढ़ जाएगा। इसके अलावा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों जैसे कि विश्व बैंक, आईएमएफ, ओईसीडी, और एडीबी ने वर्ष 2024-25 में भारत में आर्थिक विकास दर क्रमशः 6.4, 6.3, 6.1, और 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक गतिविधियां काफी तेजी से बढ़ने से राजस्व संग्रह में तेज उछाल देखने को मिली है। उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाया कि जीएसटी संग्रह दिसंबर 2023 में 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा है। दरअसल, सातवीं बार सकल जीएसटी राजस्व 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े के पार चला गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 में उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है।

वित्त मंत्री ने एक प्रमुख घोषणा के तहत कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण की योजना इस वर्ष जारी रखी जाएगी और कुल परिव्यय 1.3 लाख करोड़ रुपये होगा। 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75000 करोड़ रुपये का प्रावधान इस वर्ष प्रस्तावित किया गया है, ताकि राज्य सरकारों की 'विकसित भारत' संबंधी उपलब्धियां आधारित सुधारों को लागू करने में आवश्यक सहायता दी जा सके।

राजकोषीय सुदृढ़ीकरण, जैसा कि वित्त मंत्री के 2021-22 के बजट भाषण में घोषणा की गई है, के तहत राजकोषीय घाटे को कम करके वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से भी नीचे लाने का उल्लेख करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इसी मार्ग पर अग्रसर होते हुए राजकोषीय घाटा वर्ष 2024-25 में जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इसी तरह वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए सकल और शुद्ध बाजार उधारियां क्रमशः 14.13 और 11.75 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है और ये दोनों ही वर्ष 2023-24 के दौरान आंकी गई सकल और शुद्ध बाजार उधारियों से कम होंगी।

अर्थव्यवस्था के कुछ चमकते बिंदुओं का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 27.56 लाख करोड़ रुपये है जिसमें कर प्राप्तियां 23.24 लाख करोड़ रुपये हैं। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ रुपये है। 30.03 लाख करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियों के बजट अनुमान से कहीं ज्यादा रहने की आशा है जो देश में विकास की गति तेज रहने और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को दर्शाता है।

श्रीमती सीतारमण ने यह भी कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए सकल और शुद्ध बाजार उधारियां क्रमशः 14.13 लाख करोड़ और 11.75 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है और ये दोनों ही उधारियां वर्ष 2023-24 की तुलना में कम रहेंगी।

उन्होंने घोषणा की कि वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2023 तक की अवधि के दौरान देश में एफडीआई प्रवाह 596 अरब अमेरिकी डॉलर का हुआ है जो स्वर्णिम युग को दर्शाता है और जो वर्ष 2005-2014 के दौरान हुए कुल एफडीआई प्रवाह का दोगुना है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि देश में विदेशी निवेश को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए हम 'पहले भारत को विकसित करो' की भावना के तहत अपने विदेशी साझेदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बात कर रहे हैं।

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरी दृढ़ता के साथ चार प्रमुख जातियों पर भरोसा करते हैं और इसके साथ ही इन पर फोकस करते हैं। चार प्रमुख जातियां ये हैं- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता। उन्होंने कहा कि इन सभी की जरूरतें, उनकी आकांक्षाएं, उनका कल्याण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि जब वे तरक्की करते हैं तो देश तरक्की करता है।

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने विस्तार से बताया कि इस सरकार ने विकास के प्रति मानवीय और समावेशी अवधारणा अपनाई है जो अत्यंत उल्लेखनीय है और इसके साथ ही यह 'गांव स्तर तक प्रावधान करने' की पिछली अवधारणा से बिल्कुल हटकर है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में चलाए गए विकास संबंधी कार्यक्रमों ने 'सभी के लिए आवास', 'हर घर जल', 'सभी के लिए बिजली', 'सभी के लिए रसोई गैस', 'सभी के लिए बैंक खाते एवं वित्तीय सेवाओं' के जरिए रिकॉर्ड समय में हर परिवार एवं व्यक्ति को लक्षित किया है। वित्त मंत्री ने विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकार विकास के प्रति ऐसी अवधारणा के साथ काम कर रही है जो कि सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी है। इसमें सभी जातियों के साथ-साथ समस्त स्तरों पर लोगों को कवर किया जाता है। उन्होंने कहा, ''हम वर्ष 2047 तक देश को 'विकसित भारत ' बनाने की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें देशवासियों की क्षमता बढ़ाने और इसके साथ ही उन्हें सशक्त बनाने की आवश्यकता है।''

उन्होंने यह भी बताया ÷इससे पूर्व, सामाजिक न्याय अधिकतर एक राजनीतिक नारा था। हमारी सरकार के लिए, सामाजिक न्याय एक प्रभावशील और आवश्यक शासन मॉडल है÷।

वित्त मंत्री ने मेज ध्वनि के बीच घोषणा की कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 10 वर्षों में असीम सकारात्मक बदलाव आया है और भारत के लोग उम्मीद और आशावादिता के साथ भविष्य ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा ÷रोजगार और उद्यमशीलता के लिए और अधिक अवसरों के लिए स्थितियों का सृजन किया गया। अर्थव्यवस्था को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई। विकास के लाभ व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचने आरंभ हो गए। देश को उम्मीद की नई भावना प्राप्त हुई÷।

वित्त मंत्री ने बताया कि इन दस वर्षों मे ÷सबका साथ÷ के उद्येश्य के साथ सरकार नए 25 करोड़ लोगों की बहु आयामी निर्धनता से मुक्ति दिलाने मे सहायता की है और सरकार के प्रयास अब ऐसे सशक्त लोगों की ऊर्जा और उत्साह के साथ समन्वित हो रही है।

उन्होंने बताया कि पीएम मुद्रा योजना में उद्यमशीत आकांक्षियों के लिए 22.5 लाख करोड़ रुपये के बराबर के 43 करोड़ ऋणों को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को प्रदान किए गए हैं। अंतरिम बजट में कई घोषणाएं और कार्यनीतियाँ शामिल हैं जो 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने के लिए दिशाओं और विकास दृष्टिकोण का संकेत देती हैं।

श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कई घोषणाएं करते हुए कहा कि सरकार पूर्वी क्षेत्र और इसके लोगों को भारत के विकास का एक शक्तिशाली वाहक बनाने के लिए पूरा ध्यान देगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को अर्जित करने के निकट है तथा 2 करोड़ और घरों का निर्माण परिवारों की बढ़ती संख्या से उत्पन्न होने वाली आवश्यकता की पूर्ति के लिए किया जाएगा। इसी प्रकार रूफ़टॉप सोलराइजेशन के माध्यम से 1 करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना ने 38 लाख किसानों को लाभ पहुंचाया और 10 लाख रोजगार का सृजन किया है। प्रधानमंत्री फॉर्मालाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राइजिज योजना ने क्रेडिट लिंकेज के साथ 2.4 लाख एसएचजी और 60,000 व्यक्तियों की सहायता की है। श्रीमती निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि हमारे तकनीकविद् युवकों के लिए यह एक स्वर्णिम युग होगा क्योंकि 50 वर्ष के ब्याज ऋण के साथ 1 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पस की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कॉर्पस दीर्घकालिक वित्तपोषण या लंबी अवधि के पुनर्वित और निम्न या शून्य ब्याज दर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि यह निजी क्षेत्र को भी सनराइज सेक्टरों में उल्लेखनीय रूप से अनुसंधान एवं नवोन्मेषण को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# आईटीआई केशकाल में अग्निवीर भर्ती के लिए हुआ मार्गदर्शन कार्यशाला

कोण्डागांव




शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था केशकाल में बुधवार को अग्निवीर भर्ती मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम एवं मेजर अग्निपथ थल सेना प्रवीण तिवारी एवं कैरियर कांउसलर रवि शर्मा के द्वारा अग्निविर सेना भर्ती 2024 के संबंध में जानकारी देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भर्ती रैली शामिल होने हेतु प्रोत्साहित करते हुए भर्ती में सफल होने के लिए तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं ने प्रशिक्षण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का निराकरण विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त किया। इस अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केशकाल के प्रशिक्षण अधिकारी एस पी उपाध्याय, प्रशिक्षण अधीक्षक डी आर देवांगन, प्रशिक्षण अधिकारी डी मांडवी, व्ही पी साहू, सुरक्षा प्रहरी मनोज यदु एवं संस्था के प्रशिक्षणार्थी उपस्थिति रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मिले कम बच्चे, सुपरवाइजर को नोटिस जारी करें : कलेक्टर

कोरबा



कलेक्टर वसंत ने आज करतला विकासखंड अन्तर्गत रामपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए संख्या बढ़ाने और समय पर पोषण आहार प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कुछ दिन पूर्व ही महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पर्याप्त उपस्थिति नहीं होने और अन्य कमियां पाए जाने पर क्षेत्र की सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।रामपुर मुख्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में बच्चों को प्रदान किए जाने वाले भोजन, उपलब्ध खिलौने, गर्भवती महिलाओं और शिशुवती महिलाओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में बच्चों की कम संख्या पर निर्देशित किया कि बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्हें निर्धारित समय तक केंद्र में रखे और जरूरी आहार दें। कलेक्टर ने संबंधित सुपरवाइजर द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण, पोषण ट्रेकर एप्प में जानकारी दर्ज करने, बच्चों के वजन संबंधित जानकारी दर्ज करने की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता शारदा राठिया को निर्देशित किया कि केंद्र में आने वाले सभी बच्चों को समय पर भोजन देने के साथ उनका उचित देखभाल भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। धान खरीदी केंद्र में किसानों को न हो परेशानी : कलेक्टर ने रामपुर में धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नमी मशीन से धान की आर्द्रता जाँच की। इस दौरान वहां खरीदे गए धान के बोरों को तौलवाकर भी देखा। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। केंद्र प्रभारी को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि चार दिन बढ़ाई गई है, अतः खरीदी की प्रक्रिया चार दिन सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि मूल किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो और गलत धान की खरीदी न की जाए। इस दौरान किसानों ने खरीदी स्थल बढाने की मांग रखी। कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने उसूर ब्लॉक का किया आकस्मिक निरीक्षण



**बीजापुर**। कलेक्टर ने उसूर ब्लॉक के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय आवापल्ली पहुंचकर आधार अपडेट, नेटवर्क सहित कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुऐ ड्यूटी मे तैनात अधिकारी-कर्मचारियों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। तहसीलदार से पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न पहुंचाने की जानकारी लेते हुऐ आवश्यक निर्देश दिए। 2 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सभी ब्लॉकों के चिन्हित स्थानों पर होगा। इसी तरह उसूर ब्लॉक के गलगम में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों का जायजा लेते हुऐ अधिक से अधिक हितग्राहियों को शिविर में शामिल कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत उसूर के निरीक्षण के दौरान आकांक्षी ब्लॉक अन्तर्गत की जाने वाले तैयारियों/गतिविधियों के संदर्भ में आवश्यक जानकारी लेते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला सहकारी बैंक के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को बोनस राशि खाते में पहुंचने की जानकारी ली। बैंक में आए किसानों को राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की तिथि में बढ़ोतरी की जानकारी देते हुऐ बताया पूर्व में 31 जनवरी तक निर्धारित की गई थी। जिसे बढ़ाकर अब 04 फरवरी तक किया गया है, कोई भी किसान अगर धान बेचने से छुट गया हो तो उन्हे सूचित करने के लिए कहा ताकि योजना से लाभान्वित हो सके।

सहकारी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में तृतीय वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन



**बेमेतरा** ।स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में तृतीय वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक आयोजन बीते दिनों किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, राजेन्द्र शर्मा (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य), विजय सिन्हा (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), पंचू साहू (नगर पालिका अध्यक्ष), मोंटी साहू, हर्षवर्धन तिवारी स्वालम्बि योजना अध्यक्ष, संजीव तिवारी वरिष्ठ कार्यकर्ता, विकास तम्बोली (कार्यालय मंत्री), नीतू कोठारी वार्ड पार्षद एवं विद्यालय प्राचार्या सुदेशा चटर्जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्री. प्राइमरी के बच्चों द्वारा जंगल थीम डांस के माध्यम से सभी जानवरों के आपसी प्रेम भाव को प्रदर्शित किया गया। प्राइमरी के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विधायक एवं कलेक्टर द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मीडिल के बच्चों द्वारा मोबाइल थीम के माध्यम से यह संदेश दिया कि किस तरह आजकल के बच्चे अपने अभिभावक और रिश्तेदारों को भूलकर एवं खेलना-कूदना छोड़कर मोबाइल के उपयोग में लगे रहते हैं, एवं मोबाईल के दुष्परिणाम को भी प्रदर्शित किया। मीडिल के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री के विभिन्न योजनाओं को दर्शाया गया।, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, मजदूर कल्याण योजना, पीएमजेजेवाय, आवास योजना, आदि के जानकारी को प्रदर्शित किया गया। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण देवी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी का सर्वोत्तम उदाहरण बच्चों ने नृत्य नाटिका के रुप में दर्शाया। देवी अहिल्या बाई होलकर के द्वारा किये गये समाजिक कार्यों के कारण उन्हें देवी की उपाधि दी गई। इस 40 मिनट की नृत्य नाटिका को ग्रीष्मा दिनेश एवं ग्यारहवी विज्ञान के छात्र सात्विक सोनी के मागदर्शन में मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं को उनकी इस कड़ी मेहनत के लिए शुभकामनाएं दी।

# कुदरी बैराज में होगी नौका विहार,पर्यटन केन्द्र के रूप में किया जाएगा विकसित

**कलेक्टर ने किया कुदरी बैराज का निरीक्षण, पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश**

जांजगीर-चांपा कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने गुरुवार को बलौदा विकासखंड के कुदरी ग्राम पंचायत में हसदेव नदी पर स्थित बैराज का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कुदरी बैराज में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है। इसलिए जरूरी है कि पर्यटन की दृष्टि से कार्य किया जाए और आने वाले पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि कुदरी बैराज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां पर जल्द ही आम नागरिकों को नौका विहार की सुविधा भी मिलेगी।

कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए कुदरी बैराज में ड्रॉइंग डिजाइन के अनुसार निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुदरी बैराज में बोटिंग की सुविधा एवं पर्यटन स्थल की व्यवस्था को और बेहतर करने, बैराज तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण, शौचालय, साफ सफाई, कैफेटेरिया और पर्यटन संबंधी नवाचार को बढ़ावा देने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने पर्यटन स्थल के विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, एसडीएम जांजगीर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम चांपा श्री नीरनिधि नंदेहा सहित ग्राम पंचायत कुदरी सरपंच, संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।





# कलेक्टर ने कुष्ठ आश्रम सोंठी में गौशाला,सब्जी बाड़ी सहित अन्य संचालित गतिविधियों की सराहना

**राजस्व शिविर का किया निरीक्षण, आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश**

जांजगीर-चांपा - संवाददाता।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज भारतीय कुष्ठ निवारक संघ द्वारा संचालित कुष्ठ आश्रम सोंठी कात्रेनगर में निवासरत लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आश्रम में संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए प्रशंसा की। इस दौरान कलेक्टर ने आश्रम में गौशाला, सब्जी बाड़ी, अन्नपूर्णा सहित अन्य संचालित गतिविधियों का जायजा लिया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि आपके बनाये सभी उत्पाद बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आश्रम का संचालन आश्रम के लोगों के ही द्वारा किया जा रहा है, यह बहुत अच्छी बात है। कलेक्टर ने प्रभावितों से मुलाकात करते हुए उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आश्रम में पशुपालन, कृषि, बागवानी सहित मछली पालन का कार्य किया जा रहा है, उन्होंने आश्रम में बेहतर प्लान के साथ कार्ययोजना तैयार करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने आश्रम में कंबल का वितरण भी किया। कलेक्टर ने संस्था के संचालन एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, एस डी एम श्री नीरनिधि नंदेहा सहित संस्था के प्रबंधकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री छिकारा ने ग्राम पंचायत तालदेवरी में लगाए गए राजस्व शिविर का निरीक्षण किया और अभियान के क्रियान्वयन की जानकारी ली। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख की त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर प्रारंभ किया गया। उन्होंने पटवारी से राजस्व के आए दर्ज प्रकरणों एवं अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवाईसी और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नामांतरण, बटांकन, किसान किताब, सीमांकन, सहित अन्य प्रकरण में आए आवेदन का समय सीमा में निराकरण करने कहा। उन्होंने बंशीलाल साहू, खेमलाल के द्वारा ऋण पुस्तिका बनाये जाने को लेकर मौके पर दिये गये आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ऋण पुस्तिका प्रदान की।









## लोकसभा निर्वाचन - 2024 अंतर्गत मतदान दल गठन हेतु कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर (पीपीईएस) का दिया गया प्रशिक्षण



**जांजगीर-चांपा** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के डाटा एण्ट्री करने हेतु कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर ( पीपीईएस एण्ड पोलिंग पार्टी एण्ट्री सॉफ्टवेयर वर्जन 3.7) प्रदाय किया गया है। जिसमें जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की डाटा प्रविष्टि, अपडेशन का कार्य सर्व संबंधित विभाग के द्वारा 15 फरवरी 2024 के पूर्व पूर्ण किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आज जिले के सभी विभाग, कार्यालय के तकनीकी स्टॉफ को जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पीपीईएस सॉफ्टवेयर संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में मतदान दल गठन की सहायक नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने उपस्थित तकनीकी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहां कि सभी अपने विभाग, कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों की डाटा प्रविष्टि अपडेशन कार्य आयोग द्वारा निर्धारित 15 फरवरी 2024 के पूर्व शत-प्रतिशत पूर्ण करने कहा गया है ताकि एण्ट्री पश्चात् प्रविष्टि का मिलान जिला कोषालय से मिले डाटा के साथ किया जा सके।

बैठक में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री अमित अग्रवाल एवं सहायक प्रोग्रमार श्री प्रकाश थवाईत ने कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर ( पीपीईएस एण्ड पोलिंग पार्टी एण्ट्री सॉफ्टवेयर वर्जन 3.7) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर-चाम्पा के निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय के साथ-साथ तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# स्वयं का व्यवसाय करने से बढ़ता है आत्मविश्वास : कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा के ग्राम पंचायत अफरीद में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन**

**मेले में लगभग 11.72 करोड़ से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत**

**हितग्राहियों ने सुनाए अपने अनुभव**

जांजगीर-चांपा

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने गुरूवार को जिला स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत अफरीद में लगाये गये आजीविका ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से कहा कि जब अपना व्यवसाय शुरू करते हैं तो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य में इसका फायदा मिलता है। व्यवसाय से हम दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 11.72 करोड़ से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर ने कहा कि आजीविका ऋण मेला के माध्यम से हितग्राही अधिक से अधिक लाभ लेकर अपने व्यवसाय को शुरू करें। शिविर का उद्देश्य लोगों तक लाभ पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान कार्ड योजना, पीएम विश्वकर्मा, अग्निवीर सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी। ऋण मेला में हितग्राहियों को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय की जानकारी दी गई।



ऋण मेला में लगभग 11.72 करोड़ की राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। कलेक्टर श्री छिकारा ने आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं सायवर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि आजीविका ऋण मेला के माध्यम से शासन की महती योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल रहा है। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव को लोगो के बीच साझा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री गगन जयपुरिया, सरपंच श्रीमती चिंता बाई भैना, अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, एसडीएम चांपा श्री नीरनिधि नंदेहा, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुबेर उरेती सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### एसडीएम और उनके टीम ने किया धान से भरे वाहन जप्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने 65 बोरी बरदाना से भरे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एई 5174 को पुरगांव के पास जप्त किया, जिसका वजन 26.65 क्विंटल है। पूछताछ में मल्दी निवासी सत्यनारायण साहू ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। भटगांव मंडी में इस धान से भरे वाहन को अभिरक्षा में रखा गया है। इस जांच में स्थल पर तहसीलदार कमलेश सिदार, खाद्य निरीक्षक और मंडी निरीक्षक उपस्थित थे।

### कला केन्द्र बालोद में संचालित विभिन्न गतिविधियों का संभागायुक्त ने किया अवलोकन

**बालोद।** दुर्ग संभाग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज शाम जिला मुख्यालय बालोद स्थित कला केन्द्र पहुँचकर संचालित गतिविधियों का किया अवलोकन। उन्होंने वहाँ संगीत कक्ष, गिटार कक्ष, जुम्बा क्लास आदि का अवलोकन किया। इस दौरान वे संगीत कक्ष में 08 वर्षीय बालक सिद्धार्थ साहू द्वारा किए जा रहे सुमधुर तबला वादन को देख काफी प्रसन्नचित हुए। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र एक अच्छी पहल है, इसके माध्यम से जिले के कलाकारों को अपने हुनर को आगे बढ़ाने का बेहतर मंच मिला है। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एस.डी.एम. शीतल बंसल आदि मौजूद थे।

### कलेक्टर ने कोसागांव में ऑईल पॉम की खेती का किया अवलोकन

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल ने 31 जनवरी को फरसगांव विकासखण्ड के कोसागांव में ऑईल पाम की खेती का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान किसानों को ऑईल पॉम के साथ ही अन्य अंतरवर्ती फसल लेने के लिए प्रेरित किया। बातचीत के दौरान किसानों ने बताया कि यहां 2.4 हेक्टयेर क्षेत्रफल में ऑइल पॉम के पौधे लगाए गए हैं तथा प्रति एकड़ 20 हजार रुपए का अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि यहां ऑइल पॉम के साथ ही कुल्थी की खेती भी की गई थी। कलेक्टर ने सभी किसानों को अपने पौधों के बेहतर देखरेख के लिए सलाह देते हुए रबी के दौरान भी अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित किया। किसानों द्वारा यहां दो नलकूप खनन हेतु किए गए दो प्रयासों के असफल होने की जानकारी देते पर कलेक्टर ने आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही।

### जिला खेल परिसर को मॉडल खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा : विधायक शुक्ला



**बिलासपुर।** सरकंडा में स्थित जिला खेल परिसर के दिन बहुरने वाले है, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने जिला खेल परिसर के उन्नयन के लिए 1 करोड़ की राशि देने की घोषणा की है। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर स्थित जिला खेल परिसर को मॉडल खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। डीएमएफमद से प्रथम चरण में 1 करोड़ रुपए दी जाएगी। कलेक्टर एवं शासी परिषद के अध्यक्ष की सहमति उपरांत शुक्ला ने 1 करोड़ की राशि देने का ऐलान किया। वें गत दिनों खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के समापन समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर अवनीश शरण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। विधायक ने बीते दिनों 5 वीं गोल्ड कप राज्य स्तरीय आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर की उपस्थिति में खेल परिसर को मॉडल खेल मैदान के रूप में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित करने के लिए जिला खनिज न्यास संस्थान मद से प्रारंभिक रूप से 1 करोड़ स्वीकृत करने की घोषणा की। खेल परिसर को विकसित करने के लिए एक ही परिसर में एक साथ वॉलीबॉल मैदान, फुटबॉल मैदान, कबड्डी मैदान, बास्केटबॉल, तीरंदाजी मैदान, खो-खो मैदान निर्माण 100 सीटर होस्टल बिल्डिंग, स्पोट्र्स लाइब्रेरी, फूड जोन, ई-रिक्श चार्जिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। सभी मैदान को सुरक्षित करने के लिए चौनलिंक फेंसिंग, स्विमिंग पूल में आवश्यक कार्य, दर्शकदीर्घा में शेड व उन्नयन, सम्पूर्ण परिसर में फ्लड लाइट और बाउंड्री वाल में कॉन्सेर्तिना वायर से सुरक्षा आदि निर्माण कार्य भी किया जाएगा। विधायक ने खेल परिसर के विकास के लिए योजना तैयार करने हेतु सहायक संचालक खेल, व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने सीएचसी करतला व पीएचसी रामपुर का किया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर वसंत ने आज विकासखंड करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रामपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की स्वीकृत, दर्ज एवं रिक्त पदों की जानकारी लेते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, एक्सरे कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, नेत्र जांच कक्ष, प्रयोगशाला, पीएनसी कक्ष सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। केंद्र में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से केंद्र में होने वाले प्रसव की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत प्रसव सुरक्षित रूप से संस्थागत कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही।पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कर भर्ती बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने दिए निर्देश :सीएचसी परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने भर्ती बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को कुपोषण चक्र से बाहर निकालने हेतु उनके आहार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# युवाओं को अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

कवर्धा

**कलेक्टर महोबे ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में कबीरधाम जिले के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर महोबे ने जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती परीक्षा में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि अधिक से अधिक युवा आवेदन कर सके। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय, एनसीसी, स्किल डेवलपमेंट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं सहित सुदूर वानाचंल क्षेत्र में निवास करने वाले युवाओं को अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए प्रोत्साहित करें।**



कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवा अग्निवीर में भर्ती होकर देश की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही उन्हें रोजगार भी मिलेगा। कलेक्टर ने कवर्धा सहित सुदूर वनांचल क्षेत्र के युवाओं को अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि 4 साल की अवधि के दौरान अग्निवीरों को प्रथम वर्ष 30 हजार भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार भत्ता, तृतीय वर्ष 36 हजार 500 एवं चतुर्थ वर्ष में 40 हजार भत्ता दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात अग्निवीरों को 10.04 लाख ब्याज सहित सेवा आयकर से छुट योग्य रहेगा। इसके साथ 48 लाख का जीवन बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात सेवा निधि पैकेज और अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र व कक्षा 12वीं का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष 30 दिनों का वार्षिक अवकाश और चिकित्सा सलाह के आधार पर बीमारी से संबंधित अवकाश दिया जाएगा। अग्निवीर भर्ती के लिए 6 फरवरी तक कर सकते है आवेदन : भारतीय सैन्यबलों में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया आरंभ हो गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक भारतीय वायुसेना के वेबसाईट के माध्यम से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 102/समकक्ष परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था या बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा अंग्रेजी में 50 प्रतिशत (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ आटोमोबाइल इल्स्ट्रूमेंटेशन इन्फोरमेशन टेक्नालॉजी) अथवा अव्यावसायिक कोर्सो के साथ 2 वर्ष का व्यावसायिक कोर्स भौतिकी या गणित विषयों में 50 प्रतिशत अंको के साथ तथा अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से अथवा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 102 या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच जन्म लिया हुआ होना आवश्यक है। आवेदक की उंचाई पुरुष 152.50 से.मी एवं महिला आवेदक 147 से.मी. होना आवश्यक है।

**भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए 8 फरवरी से 21 मार्च कर सकते है आवेदन :**

इसी प्रकार भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु इच्छुक आवेदक 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक भारतीय थल सेना के वेबसाईट का आवेदन कर सकते है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदकों की अर्हता अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 10वीं कक्षा 45 प्रतिशत अंकों से (प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक) अग्निवीर टेक्निकल में 12वीं कक्षा (भौतिक रसायन, गणित एवं अंग्रेजी के साथ 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण प्रत्येक विषय 40 प्रतिशत अंकों के साथ, मान्यता प्राप्त संख्या से आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर क्लर्क में 102 इंटरमीडिएट परीक्षा किसी भी विषय में 60 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर ट्रेडमेन में 8वीं/10वीं कक्षा पास (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला में 10वीं मैट्रिक (प्रत्येक विषय 33 प्रतिशत) होना आवश्यक है। आवेदक की आयु सीमा साढ़े 17 से 21 वर्ष होना आवश्यक है।

**सीएससी या अध्ययनरत् छात्र-छात्राएँ अपने विद्यालय के माध्यम से कर सकते है ऑनलाईन आवेदन**

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार ऑनलाईन के लिए इच्छुक आवेदक अपने नजदीकी सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से अथवा अध्ययनरत् छात्र-छात्राएँ अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक भारतीय वायुसेना के वेबसाईट व भारतीय थल सेना के वेबसाईट का अवलोकन किया जा

# जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : संभागायुक्त

बालोद

दुर्ग संभाग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज शाम जिला अस्पताल बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त राठौर ने मरीजों के कक्ष में पहुँचकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधा, भोजन, दवाईयों आदि के संबंध में चर्चा की। मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर भोजन, दवाईयां मिलती है तथा समय समय पर डॉक्टर आकर उनका स्वास्थ्य जॉच भी करते हैं। संभागायुक्त राठौर ने जिला अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर जायजा लिया तथा संबंधितों को आवश्यक



दिशानिर्देश दिए। उन्होंने दवाई वितरण कक्ष में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में जानकारी ली तथा समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता बनाए रखने तथा कालातीत दवाईयों के निष्पादन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक्स-रे व सोनोग्राफी के संचालन तथा ओपीडी व आईपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, अस्पताल की सफाई व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। राठौर ने अस्पताल के रसोई कक्ष का भी जायजा लिया तथा रसोई कक्ष का संचालन करने वाली समूह की महिलाओं से चर्चा कर आज बनाए गए भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक का जायजा लिया तथा वहाँ उपलब्ध ब्लड व उसके प्रकार सहित रक्तदान हेतु लगाए जाने वाले शिविरों की जानकारी प्राप्त की। ब्लड बैंक के अधिकारी ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध है, समय-समय पर शिविर लगाकर रक्तदाताओं द्वारा रक्त लिया जाता है, जिसे आवश्यकतानुसार मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। राठौर ने अस्पताल में संचालित डायलिसिस कक्ष का भी जायजा लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि डायलिसिस के मरीजों का समय पर डायलिसिस हो रहा है, इससे अब जिले के डायलिसिस के मरीजों को बाहर अन्य जिले में जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिला अस्पताल में ही उनका डायलिसिस हो जाता है। संभागायुक्त राठौर ने कहा कि जिला अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना चाहिए। इसके लिए अस्पताल में सभी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एस.डी.एम. शीतल बंसल, सिविल सर्जन डॉ. एस.के.श्रीमाली आदि मौजूद थे।

## क्वाटर फाइनल में छत्तीसगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र की टीम ने मारी बाजी

कोरबा

जिले में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत आज बालक-बालिका 14 व 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच आयोजित किए गए। लीग मैच 19 वर्ष बालक आयु वर्ग में महाराष्ट्र को हराकर चंडीगढ़, तेलंगाना को हराकर दिल्ली, सीबीएसई को हरा विद्याभारती, तमिलनाडु को हराकर हरियाणा, बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग में मध्यप्रदेश को हराकर तेलंगाना ने जीत हासिल की। क्वाटर फाइनल बालक 19 वर्ष आयु वर्ग में विद्याभारती को हराकर महाराष्ट्र, चंडीगढ़ को हराकर छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर को हराकर दिल्ली, हरियाणा को हराकर मध्यप्रदेश ने जीत हासिल की। क्वाटर फाइनल बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग में आंध्रप्रदेश को हराकर चंडीगढ़, हरियाणा को हराकर महाराष्ट्र, केरल को हराकर छत्तीसगढ़, तेलंगाना को हराकर दिल्ली ने विजय प्राप्त की। क्वाटर फाइनल बालक 14 वर्ष आयु वर्ग में मध्यप्रदेश को हराकर दिल्ली, तेलंगाना को हराकर छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश को हराकर महाराष्ट्र और हरियाणा को हराकर सीबीएसई ने जीत दर्ज की। क्वाटर फाइनल बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग में तेलंगाना को हराकर दिल्ली ने जीत हासिल की।

## कलेक्टर-एसपी ने वीडियो कांफेसिंग से ओडिशा व अन्य सीमावर्ती जिलों से की समन्वय बैठक

कोण्डागांव

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने बुधवार को ओडिसा राज्य के सीमावर्ती जिले नवरंगपुर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों कांकेर, नारायणपुर, बस्तर से लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में सुरक्षा समन्वय हेतु जिला कार्यलय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों से लोकसभा निर्वाचन के दौरान सीमा पर गतिविधियों के संबंध में कार्यवाही हेतु चर्चा की गयी।




इस बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी जिलों को अपनी सीमाओं पर चैक पोस्ट स्थापित कर निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामाग्रियों के परिवहन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित अन्य आवश्यक समन्वय व्यवस्थाओं के लिये चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में धान के अवैध परिवहन को रोकने अंतर्राज्यीय व अंतरजिला सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित किये गये है। जिन्हें लोकसभा निर्वाचन के दौरान यथावत रखते हुए उनमें टीमों की संख्या बढकर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जायेगा। नवरंगपुर के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमा पर पूर्ण सहयोग एवं अवैध सामाग्रियों के परिवहन पर पूर्ण नियंत्रण कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। सभी जिलों के अधिकारियों के साथ हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर एवं आदतन बदमाशों की सूची एवं सूचनाएं साझा करने के साथ उन पर प्रभावी नियंत्रण पर भी चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त सभी ने नियमित रूप से बैठकों के माध्यम से लोकसभा निर्वाचनों तक समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर सहमति व्यक्त करते हुए समन्वय हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, उप जिला निर्वाचन अधिकरी सीमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित अन्य अधिकरी उपस्थित रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष के बसना आगमन पर भव्य स्वागत



**बसना संवाददाता।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में पत्रकारों के सबसे बड़े व विश्वसनीय संगठन छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष सम्मानीय अरविंद अवस्थी का जगन्नाथ पुरी भ्रमण पर सपरिवार जाने के सुअवसर पर बुधवार को बसना नगर में आगमन हुआ, उनके इस सुआगमन पर संघ की ब्लॉक ईकाई बसना के साथियों के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया, साथियों के आतिथ्य आग्रह को अवस्थी जी ने नम्रता पुर्वक स्वीकारते हुए उनके साथ भोजन किया व सभी साथियों से कुशलक्षेम ली।

उन्होंने साथियों के साथ चर्चा के दौरान बसना नगर में पत्रकार भवन हेतु प्रयास करने प्रेरित किया, अन्त में उपस्थित साथियों को वर्ष 2024 का नवनीकृत प्रेस कार्ड वितरण करने पश्चात उन्होंने साथियों से विदा ली, साथियों ने उन्हें मंगलमय यात्रा हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रदान कर उन्हें विदा किया, इस अवसर पर प्रमुख रुप से संघ के प्रदेश सचिव (कार्यालय) आदरणीय मनोज मिश्रा संरक्षक सीडी बघेल जिला सचिव कुबेर चरण नायक , ब्लॉक सचिव मनहरण सोनवानी , वरिष्ठ पत्रकार करुणाकर उपाध्याय जी, गौरीशंकर मानिकपुरी , नरेंद्र सिंह टुटेजा , आदित्य रंजन कानूनगो , महेंद्र वैष्णव , हरिकेश भोई , अरुण साहू जी, किशन नायक , अनुरोध चौहान व बसना ब्लॉक के अन्य साथीगण उपस्थित थे।

# किसानों के हित में लिया बड़ा फैसला, अब 4 फरवरी तक होगी धान खरीदी

बेमेतरा

**राज्य के किसानों के हित में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर नगद और लिंकिंग के आधार पर धान खरीदी अब 4 फरवरी रविवार तक की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील निर्णय लिया है।**

ज़िला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी नए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में बेमेतरा ज़िले में 31 जनवरी 9 लाख 12 हज़ार 220 मैट्रिक टन धान की ख़रीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के एवज में कृषकों को 1819.66 करोड़ भुगतान हो चुका है। मालूम हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष



रह गये किसान भी आसानी से अपना धान सोसायटी के धान उपार्जन केन्द्रों में बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर नगद और लिंकिंग के आधार पर धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 03 फरवरी एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है। यहां यह उल्लेखनीय है ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री साय का यह संवेदनशील निर्णय से किसान उत्साहित हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी एसडीएम, तहसीदार और नायब तहसीदारों को आज से उपार्जन केंद्रों का दौरा करने और वास्तविक किसानों की धान ख़रीदी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों ने धान उपार्जन केंद्रों का दौरा किया।

# भाजपा शक्ति वंदन अभियान में होगा स्व-सहायता बहनों का सम्मान

रायपुर

स्व-सहायता समूह एवं एन.जी.ओ. से जुड़े बहनों को लेकर भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर वृहत अभियान चलाकर प्रत्येक शक्तिकेंद्र स्तर पर 150 बहनों व विधानसभा स्तर पर 6000 हजार बहनों से संवाद स्थापित करते हुए । उनका सम्मेलन आयोजित कर उसमे स्व-सहायता समूह एवं एन.जी.ओ. से जुड़े बहनों का अभिनंदन, सम्मान कर उन्हें मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पहुचाने के लिए कार्यक्रम तय किये है । आज भारतीय जनता पार्टी, रायपुर जिले द्वारा जिले में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को इस सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया गया । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं शक्ति वंदन अभियान के प्रदेश संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश की आधी आबादी नारी शक्ति के सम्मान में वृहत अभियान कार्य योजना बनाई है । नारी तू नारायणी इस आदर्श शब्दों को धरातल पर उतारते हुए विभिन्न योजनाएं नारी शक्ति के लिए बना रही है । हम सब कार्यकर्ताओं का यह नैतिक दायित्व है की हम केंद्र सरकार की योजनाओं को जन साधारण तक पहुचाएं इसके लिए शक्ति वंदन अभियान हमें बूथ स्तर तक पहुचाकर नारी शक्ति के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा एवं सिंद्धांतों के साथ जोड़ना है।




भाजपा प्रदेश के मंत्री एवं अभियान के प्रदेश सह-संयोजक किशोर महानंद ने अभियान के सम्बन्ध में बिन्दुवार चर्चा करते हुए विधानसभा, शक्तिकेंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम किस ढंग से संचालित करना है । कैसे हम स्व-सहायत समूह एवं एन.जी.ओ. की बहनों के साथ जुड़कर उन्हें मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुचना है । प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनसे सतत संपर्क स्थापित करना, जिले स्तर पर फोटो प्रदर्शनी एवं शिविर लगाकर बहनों की आवश्यकताओं व समस्याओं का निराकरण करना । प्रत्येक विधानसभा स्तर में लगभग 6000 हजार बहनों का सम्मेलन करना है 7 शक्तिकेंद्र स्तर पर 150 बहनों का सम्मेलन कर उनके कार्यों को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान करना है । भाजपा जिलाध्यक्ष जयंती पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 2024 का चुनाव नारी शक्ति एवं युवाओं को समर्पित करते हुए व्यापक पैमाने पर संपर्क अभियान को गति दी है । हमें इस अभियान को समूह एवं एन.जी.ओ. की समस्त बहनों तक पहुचकर उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सीधे जोड़ना है । कार्यशाला का संचालन जिले के महामंत्री एवं अभियान संयोजक सत्यम दुवा ने की एवं आभार प्रदर्शन ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के संयोजक नवीन जैन ने किया ।

# छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अगले दो दिनों में हो सकती है बारिश



रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों में हल्की एवं मध्यम बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आने की संभावना हैं। इसके चलते अगले एक दो दिन में बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बारिश रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग समेत कई जिलों में हो सकती है। आज राजधानी रायपुर में हल्के बादल छाए रहेंगे। वहीं तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। दिन का पारा लगभग 31 डिग्री सेल्सियस और न्यनतम 17 डिग्री रहने की संभावना हैं।

मौसम में हो रहे बदलाव के चलते दक्षिण से नमीयुक्त गर्म हवा शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। इसके चलते नमी के साथ गर्म हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 1 फरवरी 2024 को भी इसी तरह के मौसम रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक 6 डिग्री ज्यादा तापमान राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा माना और बिलासपुर में एक'एक डिग्री अधिक रहा। वहीं पेंड्रा ओर अंबिकापुर में तीन डिग्री, दुर्ग में दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा न्यनतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। मौमस विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिन शहरों में न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया उनमें बिलासपुर, रायपुर, जगदलपुर, पेंड्रा, राजनांदगांव हैं।

# जोन 2 व 10 में मोहल्ला सभा व स्वच्छता रैली कराने का सुझाव

रायपुर

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियन्ताओं द्वारा शहर में पीड़ित मानवता की सेवा में लगे शहर के विभिन्न एनजीओ, समाज सेवी संस्थाओं, स्वच्छता दीदियों, मोहल्ला विकास समितियों के पदाधिकारीगणों, एनयूएलएम के मिशन प्रबंधकों, स्वास्थ्य अधिकारियों, उप अभियंताओं की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता एवं जनभागीदारी के सम्बन्ध में बैठक ली एवं चर्चा की. निगम जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे ने जानकारी दी है कि निगम जोन नम्बर 2 की बैठक में समाजसेवी संस्थाओं, एनजीओ के प्रतिनिधियों, मोहल्ला विकास समितियों के पदाधिकारीगणों ने स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने एवं जनभागीदारी हेतु जोन के अन्तर्गत स्वच्छता हेतु मोहल्ला सभा एवं स्वच्छता रैली करवाने बापू की कुटिया हेतु फर्श की मरम्मत करवाकर कुर्सियां उपलब्ध करवाने हेतु अपना सुझाव दिया है. जोन 10 जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया ने जानकारी दी है कि बैठक में एनजीओ, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने प्रतिबंधित पॉलीथिन पर कार्यवाही करने,सड़क पर थूककर गन्दगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करने, तालाबों में सफाई अभियान चलाने,स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने,अपशिष्ट फलों से खाद बनाने का कार्य करने, रैन वाटर हार्वेस्टिंग करने,कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने के विविध सुझाव दिये हैं।



# संस्कार भारती छत्तीसगढ़ ने श्री रामचंद्र के जीवन प्रसंगों आधारित प्रदर्शनी स्वदेशी मेला में बनी आकर्षण का केंद्र

◆ उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया अवलोकन

रायपुर

500 से अधिक वर्षों के संघर्ष पश्चात अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम लला की स्थापना से आज संपूर्ण भारत राममय हो चुका है । इस अवसर पर संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में विभिन्न चित्रकारों ने भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को प्रदर्शित करती हुई चरित्रावली , साइंस कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में प्रदर्शित की । इसके पूर्व 22 जनवरी को श्री राम मंदिर रायपुर के प्रांगण में तथा 14 जनवरी को भिलाई के सिविक सेंटर में प्रदेश भर से आये कलाकारों ने कार्यशाला में भाग लेकर चित्रों को तैयार किया । उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव जी, संस्कृति मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने किया और कलाकारों की प्रशंसा की । इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रांतीय सह महामंत्री संस्कार भारती छत्तीसगढ़ ने अतिथियों को बताया कि यह प्रदर्शनी हमारे संस्कार भारती के रायपुर ,भिलाई ,दुर्ग , बिलासपुर , राजनांदगांव ,खैरागढ आदि स्थानों से आये चित्रकारों द्वारा बनाये गये हैं । प्रदर्शनी तैयार करने में प्रसिद्ध चित्रकार भोजराज धनगर रायपुर और अंकुश देवांगन भिलाई की प्रमुख भूमिका रही । स्वदेशी मेला में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा लगाए चित्र कला प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र बने हैं ।




# नक्सल घटना में शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजली -कांग्रेस

रायपुर

जगारगुंडा थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों के द्वारा किये गये हमले में तीन जवानों की शहादत बेहद दुखद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन जवानों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है, हमारे जवानों ने बड़ी बहादुरी से आतातायियों का सामना किया। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। हमारी सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करें। सरकार के अनिर्णय वाली स्थिति के कारण जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है नक्सली गतिविधियां बढ़ी है। भाजपा की सरकार को तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार बने डेढ़ महिने से अधिक हो गया है अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपना कोई राय नहीं बना पाई है। सरकार मति भ्रम का शिकार है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाया था विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर कांग्रेस सरकार आगे बढ़ी थी जिसके सकारात्मक परिणाम आये और राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी तथा रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सूदुर क्षेत्रों तक सिमट गया था। वर्तमान भाजपा सरकार के अनिर्णय के कारण राज्य में एक बार फिर नक्सली गतिविधियां बढ़ गई है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार समझ ही नहीं पा रही कि उसे क्या करना है? राज्य के गृह मंत्री पहले तो कहते है नक्सलियों से सख्ती से निपटा जायेगा, फिर उनका बचकाना बयान आता है कि नक्सलवादियों से वीडियों कांफ्रेंसिंग माध्यम से बात करेंगे। सरकार को यह पता है कि अमुक व्यक्ति नक्सल गतिविधि में लिप्त है, जब सरकार के पास इतनी पुख्ता जानकारी है तो फिर उनके खिलाफसख्त कार्यवाही करने से रोक कौन रहा है? सरकार नक्सलियों के खिलाफकार्यवाही करने के बजाय खुद पहल करके बात करने वह भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत का प्रस्ताव क्यों रखा है?

# सांसद सुनील सोनी ने 5 साल में रायपुर लोकसभा के लिए कुछ नहीं किया

रायपुर

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने सुनील सोनी एक्सीडेंटल सांसद है। धोखे से जनता ने सुनील सोनी को सांसद चुन लिया था जिसका खमियाजा 5 वर्षों तक जनता को उठाना पड़ा है, रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का सुध न मोदी ने लिया, न सांसद ने। सांसद सुनील सोनी को रायपुर लोकसभा की जनता को बताना चाहिए कि उन्होंने 5 साल में लोकसभा क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए क्या काम किये है? सांसद के रूप में सुनील सोनी के पास उपलब्धि जीरो है। सुनील सोनी कोविड कॉल जैसे कठिन विपरीत परिस्थिति में गायब रहे हैं। रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को आज भी एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने के लिए ट्रेन नहीं मिल रहा है और सांसद सुनील सोनी मौन है? केंद्र सरकार से रायपुर लोकसभा के लिए कोई नई योजना नहीं ला पाये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद सुनील सोनी रायपुर लोकसभा के हित के विषय पर सदन में कभी सवाल जवाब नहीं किए हैं बल्कि दुबके हुए ही बैठे रहे। सोनी की उपलब्धि मात्र दिल्ली यात्रा कोरा बयानबाजी एवं अपने केंद्रीय नेताओं की चाटुकारिता एवं अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार उनकी उपलब्धि है। सांसद निधि से लोकसभा क्षेत्र में क्या काम किए हैं यह रायपुर लोकसभा के गांव में कहीं नजर नहीं आता है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा की जनता भूल सुधार करेगी और रायपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा से मुक्त करेगी कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत होगी।



# आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर सभी छोटे आवश्यक सुधार मरम्मत के कार्यों को करवाने किया निर्देशित



रायपुर

आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर का निरीक्षण नगर निगम जोन 4 कार्यपालन अभियन्ता पद्माकर श्रीवास सहित अन्य सम्बंधित कधिकारियों की उपस्थिति में लिया. आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम परिसर का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। आयुक्त ने जोन 4 कार्यपालन अभियन्ता को इंडोर स्टेडियम परिसर में व्यवहारिकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी छोटे आवश्यक सुधार एवं मरम्मत से सम्बंधित कार्यों को खेलों, खिलाडियों, खेलप्रेमियों के कल्याणार्थ सुव्यवस्थित तरीके से शीघ्र करवाना जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से रायपुर शहर को स्वच्छ सुन्दर विकसित स्मार्ट सिटी बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैकिंग और बेहतर बनाने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन, रायपुर जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में प्रतिदिन सतत निरन्तरता से स्वच्छता अभियान जारी है. इसी क्रम में आज नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# नगर निगम द्वारा बड़े बकायेदारो की संस्थाओं को बकाया अदा न करने पर सील बंदी की कार्यवाही जारी

रायपुर

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम के सभी जोन कमिष्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम रायपुर के सभी जोनो के सभी वार्डो में समस्त बडे बकायेदारो से नियमानुकुल कडाई के साथ बकाया राजस्व वसूली अभियान पूर्वक नगर पालिक निगम रायपुर के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतरता से सुनिष्चित करने एवं बड़े बकायेदारो के संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में संबंधितों पर सीलबंदी, कुर्की की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। आयुक्त के निर्देषानुसार सभी 10 जोनो के राजस्व विभाग की टीमों द्वारा जोन कमिष्नरों, राजस्व अधिकारियों, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली हेतु प्रतिदिन निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज दिन भर में नगर निगम राजस्व विभाग की जोनो की टीमो ने बडे बकायेदारो की संबंधित संस्थाओ को निगम को बकाया राषि अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्यवाही कडाई के साथ की गई।



आज जोन 5 राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिष्नर श्री सुषील कुमार चैधरी के नेतृत्व एवं सहायक राजस्व अधिकारी श्री गौरीशंकर साहू की उपस्थिति में राजस्व विभाग के टीम ने पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 41 के बकायादार श्री मनोज पांडे की कुल 8 दुकानो का 2016-17 से 2023-24 तक का कुल बकाया राशि 981979 रूपये भुगतान नहीं किये जाने पर उक्त संबंधित 8 दुकानों पर सील बंदी की कार्यवाही की गयी एवं मनोज पांडे की अन्य संपत्ति पर बकाया राशि 636954 रूपये भुगतान नहीं किये जाने पर सील बंदी की कार्यवाही की गयी। भक्त माता कर्मा वार्ड क्र. 67 में बकायादार श्रीमती रीता मिश्रा की प्रापर्टी जिसमें ड्रीम इंडिया स्कूल एवं 4 दुकान संचालित थी 2016-17 से 2023-24 तक का कुल बकाया राशि 702806 रूपये भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्यवाही की गयी। डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 68 में बकायादार श्री ओमप्रकाश पटले का कुल बकाया 175897 रू, एवं बकयादार श्री शिव कुमार ताम्रकार का कुल बकाया राशि 214605 रूपये पर सीलबंदी की कार्यवाही से बचने के लिए भुगतान किये जाने का आश्वासन दिया गया। वहीं जोन 10 की टीम ने आज बाबूजगजीवन राम वार्ड 53 में देवपुरी स्थित श्री संतोष भंडारी के आवासीय 5 मंजिल प्रतिष्ठान ,व्यावसायिक परिसर को वर्ष 2017-18 से 23-24 बकाया राशि 1627501 रू. भुगतान नही होने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 अंतर्गत वारंट कार्यवाही करते हुए सीलिंग किया गया>

# गाय को अनुदान नही सम्मान चाहिये - गोपालमणि

रायपुर

मनुष्य जब जन्म लेता है तो पहला शब्द मां होता है , यह शब्द गौमाता से ही हम सबको मिला है। ये भारत देश तभी धन्य होगा जब गौमाता राष्ट्रमाता के पद पर प्रतिष्ठित होगी। गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने के लिये हम गोभक्त अपनी जान की बाजी भी लगाने के लिये तत्पर हैं। गौमाता ही धर्म , अर्थ , काम , मोक्ष की प्रदात्री है। वे भगवानों के भी भगवान है , कोई भी शुभकर्म या सद्कर्म गौमाता के बिना संभव नही है। हमारे किसी भी सद्कर्म की साक्षी गौमाता ही होती है , इसलिये कन्यादान के बाद गोदान करने की हमारी परंपरा रही है। पूजा - पाठ , जप - तप ये सब हम लोग एकांत में बिना किसी को बताये करते हैं। लेकिन जब भी गौमाता पर संकट आयेगी तो गोभक्त चुपचाप नही बैठ सकता , वह घर से बाहर निकलकर क्रांति जरूर करेगा।





उक्त बातें आज मेक कॉलेज (महाराज अग्रसेन कॉलेज) समता कॉलोनी के सभागृह में भारतीय गौ क्रांति मंच के बैनर तले गौ रत्न सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये गौ क्रांति अग्रदूत गोपालमणि महाराज ने कही। गौमाता पर संकट के समय गोभक्त के सामने आने की कथा का उल्लेख करते हुये महाराजश्री ने कहा कि पांडवों के बारह वर्षों के अज्ञातवास के समय उनके पता नही लगने पर दुर्योधन को बताया गया कि गौमाता पर संकट खड़ा करने से उनका पता चल सकता है। इस बात की जानकारी होते ही दुर्योधन ने विराट की गौधाम में आग लगा दी। जैसे ही गौमाता पर संकट आया , तुरंत अर्जुन अपना धनुष बाण लेकर सामने आ गया। दुर्योधन ने कहा कि अभी अज्ञातवास समाप्त नही हुआ है और अब फिर से बारह वर्षों तक पांडवों को अज्ञातवास करना होगा। तब भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों का पक्ष लेते हुये अज्ञातवास पूरा हो जाने की बात बताई। इस कथा के माध्यम से महाराजश्री ने बताया कि अगर हम धर्म के साथ हैं और गौमाता के साथ हैं तो हमारे पीछे खड़े होकर भगवानश्री कृष्ण निश्चित रूप से हमारा सहयोग करेंगे। महाभारत के चीरहरण कथा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये महाराजश्री ने कहा कि द्रौपदी को भीष्म पितामह और धर्मराज युधिष्ठिर के रहते चीरहरण नही होने पर विश्वास था लेकिन उनकी दासता के चलते वे सभी उनकी रक्षा करने में असमर्थ रहे। इसके माध्यम से महाराजश्री ने कहा कि जब तक हम गौमाता के लिये अनुदान लेते रहेंगे तब तक दासता की बेड़ियों में जकड़े रहेंगे। उन्होंने अपनी सैकड़ों गौधामों में शासन के तरफ से कुछ भी सहयोग नही लेने की बात बताते हुये इस बात पर जोर दिया कि गौमाता को अनुदान नहीं बल्कि सम्मान चाहिये। उन्होंने धेनुमानस ग्रंथ पर प्रकाश डालते हुये कहा कि मैंने पच्चीस साल तक रामकथा , भागवतकथा कहने के बाद गौमाता की कृपा से इसे लिखा है। यह कथा सभी ग्रंथों का सार है , जिसे सभी संतों ने स्वीकार भी किया है। उन्होंने सभी गोभक्तों से इस पुस्तक का पाठ करने को भी कहा। अंत में उन्होंने गोभक्तों को दोनों हाथ खड़ा करके गोसेवा करने और गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने तक अपनी मेहनत जारी रखने शपथ दिलायी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)